दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 92 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। मंगलवार, 03 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष द्वादशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% किया

## 25% एक्स्ट्रा के साथ अब 43% टैरिफ

## ट्रम्प बोले- मोदी रूसी तेल खरीदना बंद करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 25% रेसिप्रोक्ल (जैसे को तैसा) टैरिफ को 7% घटाकर 18% कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करके इसके बारे में जानकारी दी

अब भारत कुल 43% टैरिफ लगेगा। इससे पहले भारत में अमेरिका राजदूत सर्जियो गोर ने ट्वीट करके पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच बातचीत होने की जानकारी दी थी। हालांकि अभी तक रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25% टैरिफ को लेकर जानकारी नहीं दी गई है।

अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। इस तरह भारत पर कुल 50% टैरिफ लग रहा था, जो अब घटकर 43% हो गया है।

### ट्रम्प बोले- भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से खरीदेगा

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा– आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और अपने देश के एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं।

ट्रम्प ने लिखा– हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का विषय भी शामिल था। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति जताई कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से कहीं ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। मेरा मानना है कि इससे यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करने में मदद मिलेगी, जहां हर हफ्ते हजारों लोगों की जान जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति आगे लिखा पीएम मोदी की दोस्ती और सम्मान में और उनके अनुरोध पर, हमने अमेरिका और भारत के बीच तुरंत एक व्यापार समझौते पर सहमति बनाई है।

इसके तहत अमेरिका भारत पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैरिफ 25% से घटाकर 18% करेगा। वहीं भारत भी अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटाकर शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बाय अमेरिकन को लेकर भी बड़ी प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज्यादा के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद खरीदेगा। भारत के साथ हमारा रिश्ता आगे और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी और मैं दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। इस विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

### ट्रम्प ने इंडिया गेट और मोदी के साथ फोटो शेयर किया

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर भारत से जुड़ी दो तस्वीरें पोस्ट की थी। एक में उन्होंने इंडिया गेट की फोटो शेयर की थी, जबकि दूसरे में पीएम मोदी के साथ एक मैगजीन का कवर शेयर किया था।

### इंडिया गेट खूबसूरत, हमारा सबसे बेहतर होगा

ट्रम्प ने इंडिया गेट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि भारत का ट्रायम्फल आर्च (इंडिया गेट) बहुत खूबसूरत है। हमारा वाला इन सबमें सबसे शानदार होगा! दरअसल ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में अपने नाम से एक विशाल दरवाजा बनवाने का प्लान कर रहे हैं। इस स्मारक को 'आर्क डी ट्रम्प' नाम दिया गया है। इसका इस्तेमाल वर्जीनिया राज्य से राजधानी में प्रवेश के लिए किया जाएगा। इसका डिजाइन पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से मिलता-जुलता है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ महीने पहले सीएनएन को बताया था कि इस आर्क का आइडिया खुद ट्रम्प का था। ट्रम्प इस आर्क के डिजाइन बनाने की प्रक्रिया में भी शामिल रहे।

## टी-20 वर्ल्डकप से बाहर होगा पाकिस्तान!

### भारत से मैच BOYCOTT पर ICC-BCCI ने दिखाए कड़े तेवर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप स्टेज मैच के बहिष्कार के संबंध में खेल भावना पर आईसीसी के रुख से सहमत है और आईसीसी से परामर्श करने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी करेगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है, उन्होंने खेल भावना की बात की है। हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। आईसीसी से बात करने तक बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। राजीव शुक्ला की यह टिप्पणी तब आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है। पाकिस्तान सरकार ने एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान टीम भारत के खिलाफ मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। रविवार को एक पोस्ट में पाकिस्तान सरकार ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान की सरकार आईसीसी विश्व टी20 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की भागीदारी को मंजूरी देती है।

केन्द्रीय बजट पर मुख्यमंत्री की प्रेस ब्रीफिंग

## बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं के साथ अंतिम व्यक्ति की जरूरत का भी रखा पूरा ध्यान : सीएम

### नए बजटीय प्रावधानों और इंसेंटिव्स का लाभ लेने के लिए राजस्थान पूरी तरह तैयार : शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल से देश वित्तीय अनुशासन और स्थायित्व के साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को आत्मनिर्भर से विकसित, संभावनाओं से उपलब्धियों और संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की प्रतिबद्धता का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय बजट पर सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति केन्द्रित इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और सर्विस सेक्टर पर फोकस बढ़ाने वाले प्रावधान किए गए हैं, इससे युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक लाख एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल, 1 लाख 50 हजार केयर गिवर्स और टूरिस्ट गाइड्स को कौशल प्रशिक्षण से भी युवाओं को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एवीजीसीएक्सआर पॉलिसी पहले ही लागू की जा चुकी है। अब माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में कंटेट क्रियेटर लैब्स की स्थापना से राजस्थान के युवाओं को दोहरा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने, कृषि अवसंरचना एवं बाजार तक किसानों की पहुंच बढ़ाने और जोखिम घटाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।




### राजस्थान के सोलर सेक्टर को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजस्थान की संभावनाओं और आवश्यकताओं को पूरा स्थान मिला है। अक्षय ऊर्जा के लिए 30 प्रतिशत ज्यादा करीब 32 हजार 914 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसी प्रकार पीएम सूर्यघर योजना को 22 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। सोलर ग्लास मैन्युफेक्चरिंग में प्रयोग आने वाले सोडियम एंटीमोनेट के आयात पर कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। बीईएसएस में उपयोग में आने वाले लीथियम आयन सेल बैटरी निर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत सामानों के लिए कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। राजस्थान सौर ऊर्जा में पहले से ही अग्रणी प्रदेश है, अब इन प्रावधानों से प्रदेश के सौर ऊर्जा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में सेमीकंडक्टर नीति, एआईएमएल नीति और डेटा सेंटर नीति लागू की हैं। इसलिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, इलेक्ट्रोनिक कम्पोनेन्ट मेनुफेक्चरिंग स्कीम, डेटा सेंटर और क्लाउड सर्विसेज को दिए गए इंसेंटिव्स का फायदा लेते हुए सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर हब बनने के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार है।

### हैवी मशीनरी निर्माण के लिए प्रदेश में निवेश का किया आह्वान

श्री शर्मा ने कहा यूरोप के साथ ऐतिहासिक समझौता होने के बाद इस बजट ने देश के छोटे-बड़े उद्योगों, मैन्युफेक्चरर्स, कारीगरों और कामगारों को वैश्विक बाजार में जगह बनाने के लिए नई दिशा दिखाई है। बायो फार्मा, केमिकल्स, टेक्सटाइल, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत का आह्वान किया कि कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर की हैवी मशीनरी के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बजट में लाई गई विशेष योजना का लाभ लेते हुए राजस्थान के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अपनी इकाइयां लगाएं। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश के निर्यातकों को नए खुल रहे बाजारों में निर्यात वृद्धि के अवसर भी मिलेंगे।

## बजट सत्र में आएगा आईबीसी संशोधन विधेयक, आईडीबीआई विनिवेश जल्द : वित्त मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संकेत दिया कि आईडीबीआई बैंक का विनिवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पेश करेगी।

**9 मार्च से शुरू होगा बजट सत्र का दूसरा चरण**–वित्त मंत्री ने बताया कि संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 9 मार्च से शुरू होगा, जिसमें सरकार आर्थिक सुधारों से जुड़े अहम विधेयकों को आगे बढ़ाने की तैयारी में है।

**विनिवेश की गति और दिशा पर सरकार का फोकस**–केंद्रीय बजट 2026-27 के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में वित्त मंत्री ने कहा कि विनिवेश की गति और दिशा से आने वाले वर्षों में राजस्व सृजन का मजबूत आधार तैयार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे चलकर विनिवेश की प्रक्रिया और तेज होगी, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उद्यमों (सीपीएसई) के विनिवेश पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## मनरेगा को बचाने के लिए पूरे राजस्थान में प्रदर्शन, स्टेज पर नाची महिलाएं, गीत गाए

### कहा- नया कानून लागू करना करोड़ों ग्रामीण मजदूरों के साथ विश्वासघात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को यूजीसी के विरोध, मनरेगा बचाओ, नरेगा कानून वापस लाओ और VB-GRAM-G बिल को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस और अलग-अलग संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। जयपुर में शहीद स्मारक पर धरने में VB-GRAM-G बिल को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर से मजदूर, कामगार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान गीत गाकर और नाचकर विरोध जताया गया। जयपुर में सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय, निखिल डे, जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, गोपाल शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अर्चना शर्मा, चाकसू से पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी सहित कई कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 1 घंटे बाद ही निकलते जयपुर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष

इस दौरान जयपुर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा 1 घंटे धरने में बैठने के बाद रवाना हो गए। उनके साथ अन्य नेता धरने से निकले। धरने के दौरान आयोजित मजदूर महापंचायत में निर्णय लिया गया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को रद्द कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। यहां लोगों ने मंच से कहा कि दिसंबर 2025 में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त कर नया कानून लागू करना करोड़ों ग्रामीण मजदूरों के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात है। क्योंकि मनरेगा मजदूरों के लंबे संघर्ष से प्राप्त एक कानूनी अधिकार था।

### 'लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करता है नया बिल'

सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा– VB-GRAM-G संविधान की आत्मा के खिलाफ है। मनरेगा ने पहली बार गांव के गरीब को राज्य से काम मांगने का अधिकार दिया था, लेकिन नया कानून उस अधिकार को छीनकर रोजगार को केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर बना देता है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर केंद्रीकृत नियंत्रण को बढ़ावा देता है। निखिल डे ने कहा– यह कानून रोजगार की गारंटी नहीं, बल्कि मजदूरों की असुरक्षा की गारंटी है। काम, मजदूरी और योजना....तीनों को ग्राम सभा और राज्यों से छीनकर केंद्र सरकार के नियंत्रण में सौंप दिया गया है। अब काम मांगना मजदूर का कानूनी अधिकार नहीं रहा, बल्कि रोजगार कब, कितना और किसे मिलेगा, यह केंद्र द्वारा तय किया जाएगा।




**अलवर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बोले- दिल्ली जाकर प्रदर्शन करेंगे**–अलवर में मिनी सचिवालय के बाहर कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। यहां अलवर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा– मनरेगा का नाम बदलने पर सरकार को जगाने में लगे हैं। हम दुबारा गांव-गांव जाएंगे। दिल्ली में जाकर प्रदर्शन करेंगे। अभी सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन दिया है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार के बजट में कुछ नहीं दिया गया। राजस्थान व अलवर के लिए भी कोई घोषणा नहीं की गई। केंद्र से आने वाले बजट में भी कटौती कर दी। केंद्र सरकार को नरेगा में 90 प्रतिशत बजट देना चाहिए।


**उदयपुर में शांतिपूर्ण धरना दिया गया**–उदयपुर में मनरेगा बचाओ को लेकर कांग्रेस कमेटी ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस दौरान देहात अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने कहा– भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं है। इसी वजह से मनरेगा को समाप्त किया है। दुनिया महात्मा गांधी को आदर्श मानती है। यहां हमारे प्रधानमंत्री उनके नाम की योजना को खत्म कर नए नाम से शुरू कर रहे हैं। रामजी के नाम से योजना चलाकर राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं।

## अंता प्रत्याशी मोरपाल सुमन को बीजेपी ने दिया नोटिस

### बिरला सहित विधायक और पदाधिकारियों पर चुनाव हराने का लगाया था आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंता उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मोरपाल सुमन को बीजेपी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने को नोटिस देकर पूछा है– 'आपका कृत्य पार्टी अनुशासनहीनता की परिभाषा में आता है। इस कृत्य के लिए आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। आपको इस आरोप के उत्तर में कोई स्पष्टीकरण देना हो तो आज से तीन दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर दें।' बता दें कि कुछ दिन पहले मोरपाल सुमन ने जिलाध्यक्ष, बारां को पत्र लिखकर अपनी हार की समीक्षा करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित जिले के तीन विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों पर चुनाव हराने का आरोप लगाया था।



### कांग्रेस प्रत्याशी की मदद करने का आरोप

मोरपाल सुमन ने अपनी हार का कारण भीतरघात बताया था। उनका यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसमें उन्होंने लिखा था–ओम बिरला की पूरी टीम ने उनके विरोध में काम किया। काफी बड़ी राशि बारां के बड़े नेताओं को उपलब्ध करवाकर मतदाताओं को प्रलोभन देकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत में मदद की।

# विकसित भारत के संकल्प को मजबूती, केन्द्रीय बजट-2026 से राजस्थान के विकास को नई दिशा

## युवा, महिला, किसान और उद्योगों के लिए सशक्त प्रावधानों वाला बजट – अविनाश गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,( अनिल सिखवाल )।** केन्द्रीय बजट-2026 को लेकर सोमवार को ब्यावर में आयोजित प्रेस वार्ता में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बजट को उत्पादकता, प्रतिस्पर्धा और समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। गहलोत ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केन्द्रीय बजट-2026 में विकास के सभी प्रमुख स्तंभों को संतुलित रूप से सशक्त किया गया है। बजट में युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जबकि आयकर व्यवस्था को यथावत रखा गया है, जिससे मध्यम वर्ग को राहत मिली है प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा जिले के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर देते हुए मंत्री महोदय ने वीबी-जी रामजी योजना, ग्राम उत्थान शिविर सहित अनेक विकासात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

मंत्री गहलोत ने बताया कि बजट में मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना एवं टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम से भीलवाड़ा, जयपुर और जोधपुर जैसे टेक्सटाइल हब को बड़ा लाभ मिलेगा। वहीं देशभर में 200 इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स को पुनः सशक्त करने की घोषणा राजस्थान के उद्योग जगत के लिए वरदान साबित होगी। लिक्विडिटी सपोर्ट, क्रेडिट गारंटी और ट्रांजेक्शन सेटलमेंट प्रोग्राम से जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर और कोटा जैसे शहरों में लघु एवं मध्यम उद्योगों को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलेगा।




गहलोत ने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये किया गया है। वहीं सास्की योजना में वर्ष 2026-27 के लिए 41 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि से राजस्थान को लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मिलने की संभावना है।महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बजट में 'शी-मार्ट' खोलने की घोषणा से प्रदेश की लखपति दीदियां अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बिजनेस वुमन बन सकेंगी। साथ ही प्रत्येक जिले में एक-एक गर्ल्स हॉस्टल खोलने की घोषणा से बेटियों को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। राजस्थान में कुल 41 गर्ल्स हॉस्टल खोले जाएंगे।

### मनरेगा पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर पलटवार

कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस के मनरेगा प्रदर्शन पर कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हर अच्छे कार्य से आपत्ति रहती है, यहां तक कि राम से भी कांग्रेस को दिक्कत है उन्होंने कहा कि मनरेगा में 25 दिन की बढ़ोतरी के बावजूद कांग्रेस विरोध कर रही है। पूर्व व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले केवल मिट्टी इधर-उधर होती थी, जबकि वर्तमान सरकार ने मनरेगा में आवश्यक सुधार किए हैं, जिससे यह योजना अब गरीबों और मजदूरों के लिए अधिक लाभकारी बनी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, समाज कल्याण अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी तथा सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## टोरड़ा गुजरान की कविता बनीं महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा उपखंड अंतर्गत ग्राम टोरड़ा गुजरान निवासी कविता टोरड़ा को ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने, राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह की अनुशंसा पर, प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। कविता टोरड़ा इससे पूर्व जयपुर देहात कांग्रेस कमेटी में जिला सचिव तथा युवा कांग्रेस कोटपूतली में उपाध्यक्ष के पद पर दायित्व निभा चुकी हैं। नियुक्ति के बाद कविता टोरड़ा ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह, जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव मंजू चौहान, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी, संगठन महामंत्री वी.के. नवल शर्मा, पूर्व नारेहड़ा ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद आर्य, टसकोला मंडल अध्यक्ष गिरिराज चौहान, नरेन्द्र सैनी, बंशी पंच, रामस्वरूप बोहरा, नाहर सिंह नांगल पंडितपुरा, जगदीश डोई, धोलाराम टोरड़ा, रोताश बाबूजी, आयुष पावटा, बजरंग यादव, उमराव छावड़ी, सोहन यादव धालेड़ा, महेश सैनी, सुभाष कड़ेला, विनोद सैनी, रोशन टाइगर, खेताराम, सुभाष गुरुजी, मुकेश, हितेश मीणा, रामसिंह यादव, संतलाल डेलीगेट, मातादीन आर्य, रामस्वरूप भारती, अशोक, सचिन चावड़ा, कृष्ण चावड़ा, धर्मेन्द्र रामपुरा, देशराज रामपुरा, बहादुर सेठ, रोशन धानका, महेन्द्र पोषवाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## केंद्रीय बजट में किसान-ग्रामीण हितों की अनदेखी, युवाओं के लिए भी ठोस प्रावधान नहीं – इन्द्राज सिंह गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि बजट में किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजनाओं व धन का प्रावधान अपेक्षाकृत सीमित दिखाई देता है। कृषि विकास और किसान कल्याण के लिए पर्याप्त निवेश नहीं होने से खेती और ग्रामीण रोजगार प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि बजट प्रावधानों में आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो किसानों की आय पर नकारात्मक असर पड़ सकता है और कृषि संकट गहराने की संभावना है, जिससे ग्रामीण समाज की समृद्धि और कृषि उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे। गुर्जर ने यह भी कहा कि युवाओं के लिए बजट में कोई स्पष्ट और प्रभावी पहल नजर नहीं आती, जिससे रोजगार सृजन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। उनके अनुसार, ऐसे प्रावधान देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने के बजाय चिंता बढ़ाने वाले प्रतीत होते हैं।

## कोटा में मिला कवि अजातशत्रु को सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नगर के प्रख्यात कवि राव अजातशत्रु को रविवार को कोटा में हाड़ौती का सर्वश्रेष्ठ सम्मान स्व पंडित राम नारायण दाधीच स्मृति पुरस्कार देकर नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के अनुज और स्थानीय विधायक राजेश बिड़ला के कर कमलों से प्रदान किया गया। सृजन साहित्य सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पंवार ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार अतुल कनक थे तथा प्रसिद्ध कवि जगदीश सोलंकी, दुर्गादान सिंह गौड़, मुकुट मणिराज, विश्वामित्र दाधीच मुरलीधर गौड़ सहित कई गणमान्य नागरिकों और राजनेताओं की उपस्थिति रही।

## बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं विजन डॉक्यूमेंट है

### राज्यमंत्री ने कहा, इतिहास में याद रखने वाला बजट

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों को लेकर पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। बताया कि हर व्यक्ति के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग व उद्यमी के सशक्तीकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी, दूरदर्शी व सर्वव्यापी है। उन्होंने बताया कि इसे इतिहास में उस बजट के रूप में याद किया जाएगा, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार दिया है। बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## भारत सरकार द्वारा दिया गया बजट ऊंट के मुंह में जिरा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** जगदीश मीणा प्रदेश कांग्रेस सचिव ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया बजट किसान दलित व युवा विरोधी है इस बजट में युवाओं के लिए किसानों के लिए एवं दलित वर्ग के व्यक्तियों के लिए कोई नई योजना लागू नहीं की गई एवं न हीं व्यापारियों के लिए टैक्स में कोई कमी का का प्रावधान नहीं किया गया इस बजट के कारण पूरे प्रदेश के 8 करोड लोग नाराज हैं हम सब बजट का विरोध करते हैं ।

## लोढ़ा भाईपा संस्थान का 24 वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )। लोढ़ा( ओसवाल )** भाईपा संस्थान का 24 वां वार्षिक अधिवेशन आज मेवाड़ मोटर्स गली स्थित वासुपूज्य जिन मंदिर के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज लोढ़ा एवं विशिष्ठ अतिथि समाज रत्न रमेशचन्द्र लोढ़ा,प्रकाश लोढ़ा एवं समाज रत्न गौरव विजयसिंह लोढ़ा थे। संस्थान अध्यक्ष ललित लोढ़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज समाज के 10 वरिष्ठ जनों को वरिष्ठजन सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली से आये कवि मेघ श्याम मेघ ने अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। सचिव नरेश लोढ़ा ने वार्षिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष दिलीप लोढ़ा ने आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। समारोह में 22 बच्चों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। संस्थान के आगामी सत्र के चुनाव भी सम्पन्न कराये गये। चुनाव अधिकारी ने घोषणा करते हुए बताया कि आगामी सत्र के लिये नरेश लोढ़ा अध्यक्ष, राजेन्द्र लोढ़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष का ख्यन किया गया। समारोह का संचालन चिन्तन लोढ़ा ने किया। धनवाद नरेन्द्र लोढ़ा ने ज्ञापित किया। समारोह में समाज प्रमुखजन अशोक लोढ़ा, गजेन्द्र लोढ़ा,गोपीलाल लोढा,नवीन लोढ़ा,मदन लोढ़ा,एन.एस.लोढा सहित 250 समाजजन मौजूद थे।

## माह रमजान में जरूरतमंदों के खाद्य सामग्री वितरण के फॉर्म कल भरें जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लाईफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर और सहार केटिटेबल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 4 फरवरी को कोटियों की गुवाड़ी,ओसवाल भवन अंजुमन के पास स्थित मुख्य कार्यालय पर रमजान माह में जरूरतमंदो को सामग्री वितरण के फार्म दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नियमुनासर भरे जाऐंगे। सचिव फातिमा अगवानी ने बताया कि फार्म भरने वाले 60 वर्ष से अधिक जरूरतमंद को 2 फोटो,आधार कार्ड और प्रमाण पत्र साथ लाना जरूरी है। दिव्यांग जरूरतमंद के लिये कोई आयु सीमा नहीं है। फॉर्म भरने के आधार कार्ड और प्रमाण पत्र जांच के बाद वापस लौटा दिए जाऐंगे। अध्यक्ष डॉ.खलील अगवानी ने बताया सोसायटी के सभी कार्य मुख्य कार्यालय और ब्रांच कार्यलय में शुरू किए जाऐंगे। सर्व समाज के लिये सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन मई माह में आयोजित किया जायेगा।

डॉ.अगवानी ने बताया कि अप्रैल माह में नशा मुक्ति और अपराधिक प्रवर्ती वाले लोगों को मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जाए विषय पर शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोसायटी में कोई भी स्टाफ कार्य नहीं कर रहा है अभी सभी कार्य सोसायटी सदस्य द्वारा ही किये जाऐंगे। रमजान माह में जरूरतमंदों, तालीम और रोजगार के लिए अपनी जकात फितरा और इमदाद देनें का आव्हान किया गया।

## सांसद डॉ रावत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा संसद में उठाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने सोमवार को संसद में उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे न केवल शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि युवाओं के रोजगार अवसर भी सीमित हो रहे हैं। सांसद डॉ रावत ने नियम 377 के अधीन जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें हाल ही में अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत राजकीय बालिका महाविद्यालय, खेरवाड़ा, जिला उदयपुर में प्रवास का अवसर प्राप्त हुआ, जहां पढ़ने वाली आदिवासी छात्राओं द्वारा अवगत कराया गया कि महाविद्यालय में शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। इस कारण उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रहीं है। सांसद डॉ रावत ने बताया कि यह केवल एक उदाहरण है, इस प्रकार की स्थिति केवल एक संस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर के लगभग सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी है। देश में करोड़ों युवा उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिन्हें अमृत पीढ़ी कहा जा रहा है।

## गैस एजेंसी व बीमा कंपनी को मुआवजा देने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सिलेंडर में आग से झुलसे लोगों को मुआवजा देने के आदेश पारित किए है। आयोग ने सिलेंडर में आग से झुलसे लोगों को मुआवजा नहीं देना सेवा में दोष माना है। आदेश में बताया कि एक मई, 2020 को घर में चाय बनाते समय सिलेंडर में लगी आग से भंवरीदेवी झुलस गई थी। उपचार के दौरान उनका देहांत हो गया। भंवरीदेवी को बचाने में परिवार के सदस्य भरतकुमार व लीला भी बुरी तरह झुलस गए। पिता मगनलाल के घर का सामान भी जल गया।

परिवादी ने सिरोही गैस सर्विस व एचपी गैस को मुआवजा दिलवाने का निवेदन किया पर इन्होंने कोई प्रयास नहीं किया। आयोग ने विपक्षी के इस कृत्य को सेवा में कमी माना। इससे हुए मानसिक-शारीरिक संताप के लिए पचास हजार रुपए व परिवाद व्यय के लिए पांच हजार रुपए मुआवजा अदा करने का आदेश दिया।

## मनरेगा श्रमिकों ने किया पंचायत कार्यालय का घेराव, 4 फरवरी तक काम शुरू न होने पर तालाबंदी की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** पीलीबंगा पंचायत समिति के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत 45 एनडीआर में मनरेगा श्रमिकों ने रोजगार की मांग को लेकर सोमवार को पंचायत कार्यालय का घेराव किया। श्रमिकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 में अब तक उन्हें काम नहीं दिया गया है। वहीं धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे राधेश्याम चांवरिया ने बताया कि मनरेगा मजदूरों को पिछले एक साल में मात्र 40 दिन का ही रोजगार मिल पाया है। नए वित्तीय वर्ष में काम नहीं मिलने से श्रमिकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र नैण ने श्रमिकों से वार्ता की और 4 फरवरी तक काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया। चांवरिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय सीमा तक काम शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीण दोबारा पंचायत कार्यालय पर तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर वेदप्रकाश, वकील, केसराराम, बलराम, मंजू, बलवीरो, विमला देवी, कमला देवी सहित बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक मौजूद थे।

# सम्मेलन में शंखनाद के साथ जागृत किया सनातन स्वाभिमान

## कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, की भारतमाता की सामूहिक आरती





बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शहर में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने इसमें उल्लास से भाग लिया। बालिकाओं ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। वहीं, झांकियां भी सजी रही।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांत विद्यार्थी प्रमुख हरिकिशन कांकड़ ने कहा कि शक्ति और शौर्य की साधना जब भी कमजोर हुई है उस कालखंड में समाज दुर्बल व असहाय बना है। हम जब भी अपनी जड़ों से कटे है हमारा नुकसान हुआ है। समाज में व्याप्त कुरीतियों व बुराइयों को मिटाने का आग्रह करते हुए ज्ञान और संस्कार निर्माण के सतत प्रयास पर बल दिया। कहा कि घर में साथ बैठकर भोजन को प्रसाद समझकर ग्रहण करें तथा मोबाइल से ज्यादातर दूरी बनाने का प्रयास किया जाएं। इस दौरान जिला प्रचारक योगेशकुमार ने भारतीय सनातन संस्कृति का गौरव गान करते हुए इस राष्ट्र के महान मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मानव धर्म सेवा आश्रम की साध्वी सुमुक्ता प्रिया ने धर्म एवं मानव धर्म पर विचार व्यक्त किए। पांडाल में भारतमाता की सामूहिक आरती की गई।

### आकर्षक रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। गणेश वंदना के बाद सुश्री प्रांजल ने दुर्गा स्तुति पर एकल नृत्य, गौरी रावल ने रघुवर तेरी राह निहारे, कोमल शर्मा व ग्रुप ने धर्मांतरण विषयक नाट्य मंचन, प्राची गुप ने महिला सशक्तीकरण प्रदर्शन, शिल्वी व जन्मा ने माटी मेवाड़ की युगल नृत्य, रिद्धि सोनम ने नृत्य, शशि पुरोहित ने गीत राम मिले तो कहिजे रे, गायत्री परिवर्जक राधेश्याम ने गीत मेरा भारत देश महान, कोमल शर्मा ने लव जिहाद पर प्रस्तुति, किंजल माली ग्रुप ने राजस्थानी नृत्य, समीक्षासिंह ने कविता, अक्षरा एंड पार्टी ने योद्धा बन गई मैं नृत्य नाटिका, प्रियांशी कृति, सुश्री दूर्वा, प्रियदर्शनी ने कविता प्रस्तुति दी।

### सामूहिक सहभोज में बरसी समरसता

सम्मेलन में सभी ने एक पंगत में महाप्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन समिति अध्यक्ष रामचंद्र प्रजापत, सचिव मदनसिंह, कोषाध्यक्ष रताराम सुथार, संजय वर्मा, लोकेश खंडेलवाल, अनिल प्रजापत, छगन सुथार, संतोष शर्मा, उदयसिंह डिंगार, जगदीश प्रजापत, सीताराम, मोडाराम, प्रियंका खत्री, चित्रलेखा, जगदीशकुमार, नवलसिंह, पूजा भायल, डिंपल, टीना, निशा, गुणवंती, प्रेमलता खंडेलवाल, रमिला, प्रियंका, शीतल आदि का सहयोग रहा।

# शिक्षा ही समाज के विकास की एकमात्र कुंजी, बच्चों की पढ़ाई- लिखाई में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिये-यादव

## दिल्ली पुलिस सहायक आयुक्त पद से सेवानिवृत मदन लाल मीणा का सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के पूतली रोड़ स्थित मीणा छात्रावास में आदिवासी शिक्षण एवं विकास संस्थान व तहसील मीणा महासभा कोटपूतली के तत्वाधान में दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पद से सेवानिवृत हुये ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी मदन लाल मीणा का स्वागत, सम्मान व अभिनंदन समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर मीणा द्वारा छात्रावास में बनवाये गये नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया गया। मीणा द्वारा अपनी माताजी स्व. श्रीमती बनारसी देवी की पुण्य स्मृति में छात्रावास परिसर में बेसमेंट का निर्माण करवाकर लाईब्रेरी की स्थापना की गई हैं। इस मौके पर पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने पट्टीका का लोकार्पण कर एवं फिता काटकर पुस्तकालय



का उद्घाटन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुये यादव ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज के विकास की एकमात्र कुंजी हैं। किसी भी माता- पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर सफल बनायें। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं मीणा समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. के एल मीणा, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत व सुभाष शर्मा, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, श्रीमाधोपुर मंडी के पूर्व चैयरमैन महेश मीणा व मंडी निदेशक मीना देवी, कृषि उपज मंडी निदेशक रामनिवास मीणा, पूर्व जिला पार्षद सावित्री मीणा, पूर्व प्रधान बबीता मीणा, सेवानिवृत आईएएस पी. आर. मीणा, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव पी.सी. मीणा, दिल्ली पुलिस के कमिश्नर सुरेन्द्र मीणा, एसीपी बनेसिंह मीणा समेत बड़ी संख्या में अतिथियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में सेवानिवृत एसीपी मदन लाल मीणा समेत तहसील मीणा महासभा के अध्यक्ष इंजी. दिनेश मीणा, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, निहाल सिंह, अशोक कुमार, अनिल, राकेश, दीपक कुमार, रतिराम, महेश कुमार, रोहिताश ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कोटपूतली समेत आसपास की तहसीलों व विभिन्न गांवों से आये अतिथियों ने शिरकत करते हुये एसीपी मदन लाल मीणा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। वक्ताओं ने एसीपी मीणा द्वारा बनाये गये पुस्तकालय को विधार्थियों की सफलता का एक महत्वपूर्ण सहयोग बताया। एसीपी मीणा ने आभार व्यक्त करते हुये समाज सेवा में आगे बढक़र सहयोग की अपील की। कार्यक्रम संयोजक इंजी. दिनेश मीणा ने अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन हरचंद मीणा ने किया।

## वक्ताओं में पंच परिवर्तन की जानकारी दी




बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** ग्राम पंचायत आभावास में स्थित बुगलेंवाले बालाजी मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर ओंकार दास जी महाराज ने कहा कि हर समाज को आपसी मतभेद बुलाकर एकजुट होना चाहिए। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक रतन लाल शर्मा ने बताया कि आपसी भाईचारा से मिलकर कार्य भी आसान हो जाता है। संत महात्मा पांच पर्यटन पर जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक मोहनलाल ओला ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलश यात्रा निकाली गई एवं मुख्य मार्ग से होती हुई बुगलें वाले बालाजी मंदिर परिसर कार्यक्रम स्थल पहुंची । कलश यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। सीनियर स्कूल में कलशों की पूजा अर्चना करवाई। संत महात्माओं का गौ रक्षा दल का सभी कार्यकर्ताओं का सम्मानित किया गया। हर समाज के बड़े बुजुर्गों का सम्मानित भी किया। इस अवसर पर गुरदास महाराज,रामेश्वर दास महाराज, आयोजन समिति के सभी कार्यकर्ता एवं स्वंय सेवक मोजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी को कोटपूतली आगमन पर डीजे से राजमार्ग स्थित होटल हाईवे प्रिंस से ग्राम भैंसलाना तक लाया गया, जहां उनका साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें धर्म सिंह भैंसलाना द्वारा माँ जगदंबा का स्वरूप तलवार तथा भैंसलाना के सुप्रसिद्ध काले संगमरमर से निर्मित माता लक्ष्मी के स्वरूप कछुआ भेंट किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, गोपाल अग्रवाल, पवन सिंह सरपंच चूरू का भी ग्रामीणों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश वशिष्ठ, गिरधारी सिंह गुरुजी, हेमराज सिंह गुरुजी, कैलाश स्वामी, शिवसहाय मौर्य, मदन सिंह, रोताश यादव, सवाई सिंह, रामसिंह, मंडल महामंत्री तेजपाल सिंह, रतन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रामप्रताप सिंह, भानुप्रताप सिंह, विरेंद्र सिंह, कँवर सिंह, महेंद्र फौजी, झाबर स्वामी, शिंभू साँपला, बाबू सिंह, पृथ्वीराज सिंह, रामसिंह, अमरसिंह यादव, विरेन्द्र यादव, सांवर सिंह, अजय सिंह कुजोता, महेंद्र सिंह, हरद्वारीलाल स्वामी, मुरारी स्वामी, मामन सिंह, हेमराज सिंह, कृष्ण सिंह, जगरूप सिंह, दातार मिस्त्री, श्योराम रातावाल, अजय सिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहें।

## सात हजार रुपए की रिश्वत लेते महिला पटवारी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सीकर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सीकर जिले की नीमकाथाना तहसील के पटवार हल्का भगेगा की महिला पटवारी सुमन कुमारी को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार ब्यूरो की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता और चाचा का नाम जमाबंदी में दुरुस्त करने की एवज में महिला पटवारी सुमन कुमारी की आरे से सात हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के बाद सीकर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार के निर्देशन में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी सुमन कुमारी को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है।

## जवाहर नगर पुलिस दो माह में रिकवर किए पन्द्रह लाख के 83 मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस थाना जवाहर नगर (जयपुर पूर्व) ने गुम हुए मोबाइलों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है । पुलिस ने पिछले दो महीनों में सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 83 मोबाइल फोन रिकवर किए हैं। जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है । सोमवार को पुलिस ने इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिया । पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त (आदर्श नगर) लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था । टीम ने तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए 40 से अधिक मोबाइल राजस्थान के बाहर अन्य राज्यों से बरामद किए हैं ।

## कार में अचानक आग लगने से चलती कार से चालक ने लगाई छलांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जगतपुरा इलाके में अचानक से चलती कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कार से धुंआ निकलता देख कार चालक ने चलती कार से छलांग लगा दी। जिससे वो मामूली रुप से घायल हो गया। हादसे के वक्त घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ लग गई। जिसके चलते यातायात जाम हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी ने करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन इससे पहले कार आग की भेंट चढ़ गई और कबाड़ में तब्दील हो गई। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा रोड पर शॉर्ट सर्किट के चलते एक कार में अचानक आग लग गई। बोनट से धुआं निकलता देख कार चालक ने तुरंत गेट खोल कर बाहर की ओर छलांग लगा दी। जिससे उसे मामूली चोट आई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रुप धारण कर लिया और कुछ ही देर मे कबाड़ में तब्दील हो गई।

### वैश्य समाज के अनिल खंडेलवाल राज्य स्तर पर सम्मानित

## राज्यपाल ,मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री सचिव की गरिमामई उपस्थिति में हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हाल ही में राजस्थान सरकार के आर्थिकी सांख्यिकी निदेशालय योजना भवन में जीवनांक शाखा में कार्यरत सहायक सांख्यिकी अधिकारी अनिल खंडेलवाल को माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा प्रशंसनीय राज्य सेवा एवं कुशल कार्य निष्पादन की सराहना में योग्यता प्रमाण पत्र (स्टेट अवार्ड) से सम्मानित किया गया। सम्मान के बाद राज्यस्तर पर सम्मानित ग्रुप टीम का माननीय राज्यपाल के साथ ,मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान ,उपमुख्यमंत्री ,मुख्य सचिव आदि की गरिमामई उपस्थिति में शिष्टाचार भेट भी हुई । अनिल खंडेलवाल पिछले एक दशक से ज्यादा समय से सांख्यिकी विभाग में कार्यरत है ,उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से जीवनांक शाखा से संबंधित कई नवाचारों जन्म मृत्यु विवाह ,एमसीसीडी आदि के पंजीयन से



संबंधित ,जमीनी स्तर के मूल्यांकन कार्यों एवं डाटा विश्लेषण ,पहचान मोबाइल एप्लिकेशन एवं जीवनांक शाखा से संबंधित विभिन्न कार्यों को उच्चस्तरीय गुणवत्ता निष्ठा के साथ पूर्ण किया ,उन्हें अपने विशिष्ट कार्यों के लिए कई बार विभागीय स्तर पर प्रशंसा मिल चुकी है ,उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक महोदय ,जीवनांक शाखा के संयुक्त निदेशक एवं वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी आदि टीम नेतृत्व को दिया है जिनसे उन्हें हमेशा उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है ।

## राज्य स्तरीय स्किल एग्जीबिशन में अंकिता सैनी ने फूड प्रोसेसिंग में लहराया परचम, प्राप्त किया द्वितीय स्थान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अंकिता सैनी ने राज्य स्तरीय स्किल एग्जीबिशन कम प्रतियोगिता 2025-26 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। फूड प्रोसेसिंग ट्रेड के अंतर्गत मिली इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### सफलता का सफर

उल्लेखनीय है कि अंकिता सैनी ने इससे पूर्व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके बाद उन्हें राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिला। यह प्रतियोगिता जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित की गई थी, जहाँ प्रदेश भर के चुनिंदा प्रतिभागियों ने अपना कौशल प्रदर्शित किया।

### विद्यालय में सम्मान समारोह

छात्रा की इस उत्कृष्ट सफलता पर




विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार बंसल ने अंकिता को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा किवर्तमान युग में व्यावसायिक शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। अंकिता की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### सफलता का श्रेय

अंकिता ने अपनी इस गौरवमयी उपलब्धि का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, मार्गदर्शक शिक्षक (व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी)सुरेन्द्र कुमार सैनी के तकनीकी सहयोग एवं विद्यालय के सकारात्मक व प्रेरणादायक शैक्षिक वातावरण को दिया है।

## शादी की खरीदारी कर करने जा रहे दम्पति से बदमाशों ने की छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चित्रकूट थाना इलाके में शादी की खरीदारी करने जा रहे पति-पत्नी के साथ के कार सवार बदमाशों ने अभद्रता की। विवाहिता ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने महिला का हाथ मरोड़ कर उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरु कर दिया। बदमाशों ने पीडि़ता की कार पर लात मार कर उसके साइड वाले शीशे भी तोड़ दिया। राहगीरों की भीड़ जमा होते देख कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीडि़ता की शिकायत पर अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि 200 फीट बाईपास अजमेर रोड निवासी विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिश्तेदार की शादी के चलते वो अपने पति के साथ कार में वैशाली नगर में खरीदारी करने जा रहीं थी। 30 जनवरी की रात करीब 9 बजे वापस लौटते समय अक्षरधाम चौराहे पर गलत दिशा से तेज रफ्तार कर सामने से आई। तभी पीडि़ता ने गलत दिशा में इतनी तेज रफ्तार से कार चलाने की बात कही। इस पर कार सवार तीन-चार युवक बाहर आए और उसके पति से हाथापाई करने लग गए। बीचबचाव करने के लिए विवाहिता भी कार से बाहर आई तो बदमाशों ने उसका हाथ मरोड़ कर अभद्रता करना शुरु कर दिया। विवाहिता से अभद्रता होती देख राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। तभी कार सवार बदमाशों ने लात मार कर कार के साइड के शीशे तोड़ दिए और फरार हो गए। आरोपियों के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीडि़ता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

## ग्राम मंशारामपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ग्राम मंशारामपुरा स्थित ग्वाल्या बाबा मंदिर प्रांगण में दिनांक 1 फरवरी 2026 को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन के अंतर्गत प्रातः ग्वाल्या बाबा गौशाला से ग्वाल्या बाबा मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज (हाथोज धाम), विधायक हवामहल द्वारा गौ माता का पूजन कर विधिवत रवाना किया गया। इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्याग कर सभी को मिल-जुलकर एकता के साथ रहना चाहिए। सम्मेलन में श्री अच्युतकृष्णदास जी महाराज (रामकुटिया), विष्णु दास



जी महाराज (कांटा चौराहा), परशुराम दास जी महाराज (सरना डूंगर), रामचंद्रदास जी महाराज (चेतन आश्रम, दौलतपुरा), सोनिया दीदी (कदम्ब डूंगरी) सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। विराट हिंदू सम्मेलन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर प्रहलाद शर्मा (सरपंच, सरना डूंगर), गिरिराज जोशी (पूर्व जिला पार्षद), कालूराम बागड़ा, नन्हीं लाल बागड़ा, किशन लाल कुमावत, रामचंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, लीलाधर शर्मा, रूडमल शर्मा, महेश शर्मा, मनोज बागड़ा सहित हजारों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम उत्थान शिविरों में उमड़ रहा जन सैलाब

## प्रथम चरण में 1270 शिविरों में 10.62 लाख से अधिक ग्रामिणों ने लिया योजनाओं का लाभ एवं जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामिणों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं का लाभ देने के लिए प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रदेश भर के 1270 गिरदावर सर्किलों पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के 13 प्रमुख विभागों की योजनाओं, गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से आमजन, कृषक एवं पशुपालकों को जोडऩे की पहल की गई है। शिविरों में विभिन्न योजनओं के आवेदन-पत्र तैयार करवाये जा रहे हैं, तथा पहले दिये आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जा रही है।

राज्य सरकार की मन्शा अनुसार केन्द्र व राज्य सरकार की योजनओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का द्वितीय चरण 1 फरवरी और 5 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविरों में पशुपालकों को लाभ देने के लिए प्रथम चरण में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 72 हजार से अधिक पशुओं का पंजीकरण कर स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी किए गए, साथ ही क्लासिकल स्वाइन फीवर के करीब 45 हजार प्रतिरोधक टीके लगाए गए, 4 हजार 200 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया, 20 हजार 400 से अधिक फर्टिलिटी किट का वितरण किया गये हैं एवं 3 लाख 89 हजार पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा व कृमिनाशक औषधि पिलाई गई।

कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग द्वारा 4 लाख 40 हजार ग्रामीण किसानों को एम एस पी तथा 5 लाख 20 हजार से अधिक कृषकों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई है, 76 हजार से अधिक किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किये गये हैं, 2 हजार 200 से अधिक पॉली हाउस से वंचित ग्राम पंचायतों के लिए एक एक आवेदन पत्र तैयार किया गया है, 2 हजार 500 से अधिक किसानों के मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायकता योजनान्तर्गत आवेदनों का निस्तारण किया गया है।

## घर के बाहर खड़ी थार से हजारों की नकदी चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में तीन वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी थार गाड़ी को मास्टर चाबी से चुराने का प्रयास किया। लेकिन मास्टर चाबी से थार स्टार्ट नहीं हुई तो शातिर नकबजन महज 2 मिनट में गाड़ी के अंदर रखी हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीडि़त को वारदात की जानकारी दुसरे दिन थार के गेट खुले हुए मिलने पर चली। जिसके बाद पीडि़त ने गाड़ी में रखी नकदी संभाली तो गायब मिली। पीडि़त ने घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो तीन नकबजनों की करतूत देखने को मिली। जिसके बाद पीडि़त ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कीर्ति नगर निवासी जतिन पटेल का आरोप है कि शनिवार को ऑफिस ने घर लौटने क बाद उन्होने अपनी थार गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात तीन नकबजनों ने मास्टर चाबी से थार को चुराने का प्रयास किया और लॉक को तोड़ दिया। लेकिन थार स्टार्ट नहीं हुई तो बदमाश डेस्क बोर्ड में रखी 42 हजार रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए।

## सम्पादकीय

# सतही आरोपों की राजनीति, राहुल गांधी का गलवान राग



गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका वह उल्लेख कैसे कर सकते हैं? गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उन पर गलतबयानी का आरोप लगाया, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। इसके बाद सदन में हंगामा हुआ और वह चल नहीं सका। इस पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उनके नेता को सदन में बोलने से रोका गया। हंगामे के पहले राहुल गांधी ने जो कुछ कहा, उससे इतना तो स्पष्ट ही है कि वे यही सिद्ध करना चाहते थे कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया। राहुल गांधी कितनी तैयारी से आए थे, इसका पता इससे चलता है कि वे संदर्भ तो गलवन का देना चाहते थे, लेकिन उन्होंने उल्लेख डोकलाम का किया। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई। इसे पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे भी एक नहीं कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं। जहां तक उनकी पुस्तक की बात है, तथ्य यही है कि अभी रक्षा मंत्रालय ने उसके प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। यह भी एक तथ्य है कि जिस पत्रिका ने इस पुस्तक के कथित अंश छापे हैं और उनकी अपने हिसाब से व्याख्या की है, वह आधे-अधूरे तथ्यों के साथ सनसनी फैलाने के लिए जानी जाती है।

राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी।

## आजका इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 03 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1503 - पुर्तग़ाली तथा उस्मानों (उस्मानी साम्राज्य (1299 - 1923) (या ऑटोमन साम्राज्य या तुर्क साम्राज्य) के बीच दीव की लड़ाई भारत के दीव (अब एक केन्द्र शासित प्रदेश) में हुई।
- 1760 - सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
- 1815 - विश्व में पनीर उत्पादन का पहला कारखाना स्विटजरलैंड में खोला गया।
- 1916 - बनारस हिन्द विश्वविद्यालय की शुरुआत।
- 1925 - भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
- 1934 - पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। इसे शुरू करने वाले कंपनी को आज लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
- 1942 - जावा पर पहला जापानी हवाई हमला हुआ।
- 1945 - रूस द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने पर सहमत हुआ।
- 1954 - इलाहाबाद कुम्भ मेले में हुए हादसे में 500 से अधिक की मौत।
- 1969 - तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई का निधन।
- 1970 - भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े कोयला आधारित उर्वरक संयंत्र की तलचर में आधारशिला रखी गई।
- 1972 - जापान के सप्पारो में एशिया में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन किया गया।
- 1988 - पहली परमाणु पनडुब्बी (आईएनएस चक्र) भारतीय सेना में शामिल।
- 1999 -भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में डेमोक्रेटिक जनता दल का पुनरुद्धार हुआ ।
- विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यू.ई.एफ़) की 29वीं वाषिक बैठक का दावोस (स्विटजरलैंड) में समापन।

## विशेष आलेख

# नारी देह, नारी अधिकारः माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



ललित गर्ग

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता। विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि 'माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है' इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोडऩे को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में 'मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर' स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके। माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल "महिलाओं का मामला" मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है।

# ज्ञान, स्क्रीन और संवेदना का संकट

*आज का मनुष्य ऐसे समय में जी रहा है जहाँ संवाद लगातार हो रहा है, पर संवादहीनता भी उतनी ही गहरी है। मोबाइल के कक्ष में आवाज़ें चिल्ला रही हैं—कॉल, मैसेज, वीडियो, मीटिंग्स, रील्स—हर ओर शोर है।*



डॉ. सत्यवान सौरभ

'ज्ञान बढ़ा पर भाव क्या, अब भी मन लाचार' यह पंक्ति केवल एक दोहा नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी के मनुष्य की सामूहिक आत्मस्वीकृति है। हमने जितना ज्ञान अर्जित किया है, उतना शायद मानव इतिहास के किसी भी कालखंड में नहीं किया गया। सूचनाएँ उँगलियों पर नाच रही हैं, दुनिया एक छोटे से स्क्रीन में सिमट आई है और विज्ञान ने जीवन को सुविधाओं की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया है। इसके बावजूद या शायद इसी कारण—मनुष्य भीतर से पहले से अधिक असहाय, असंतुलित और बेचैन दिखाई देता है। आज का संकट ज्ञान के अभाव का नहीं, बल्कि विवेक, संवेदना और ठहराव के लुप्त होने का संकट है। स्क्रीन की चकाचौंध ने केवल हमारी आँखों को नहीं, हमारी चेतना को भी प्रभावित किया है। मोबाइल, लैपटॉप और डिजिटल माध्यमों ने सूचना को लोकतांत्रिक तो बनाया, पर सोच को गहराई नहीं दी। हम पहले से कहीं अधिक पढ़ते हैं, पर पहले से कहीं कम समझते हैं। हम देखते बहुत हैं, पर महसूस कम करते हैं। हर पल अपडेट रहना आज सचेत होने की पहचान बन गया है, लेकिन इसी निरंतर अपडेट ने मनुष्य को भीतर से थका और खाली कर दिया है। सोशल मीडिया पर विचार नहीं, प्रतिक्रियाएँ जन्म लेती हैं। वहाँ ठहराव नहीं, केवल तात्कालिक उत्तेजना है। सच और झूठ, गंभीरता और सतहीपन, संवेदना और सनसनी—सब एक ही मंच पर समान महत्व के साथ परोसे जा रहे हैं। ऐसे वातावरण में सत् ?विचार, जो समय, मौन और आत्मसंवाद से उपजते हैं, धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं।

आज का मनुष्य ऐसे समय में जी रहा है जहाँ संवाद लगातार हो रहा है, पर संवादहीनता भी उतनी ही गहरी है। मोबाइल के कक्ष में आवाज़ें चिल्ला रही हैं—कॉल, मैसेज, वीडियो, मीटिंग्स, रील्स—हर ओर शोर है। लेकिन इसी शोर के बीच मनुष्य अपने ही भीतर की आवाज़ सुनने की क्षमता खो बैठा है। बाहर की बातचीत बढ़ी है, भीतर का संवाद घटा है। जब भीतर की खामोशी को सुना नहीं जाता, तो वह धीरे-धीरे कुंठा, आक्रोश और असंतुलन में बदल जाती है। आज रिश्तों में बढ़ता तनाव, समाज में बढ़ती असहिष्णुता, ऑनलाइन अपमान और वास्तविक जीवन में बढ़ती असंवेदनशीलता—ये सब उसी अनसुनी खामोशी के लक्षण हैं। हम बोलना जानते हैं, पर सुनना भूल चुके हैं। न दूसरों की पीड़ा सुन पाते हैं, न अपने मन की बेचैनी को समझ पाते हैं। संवाद की यह विफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक भी है। जब समाज सुनना छोड़ देता है, तो असहमति शत्रुता में बदल जाती है और विचार विमर्श के स्थान पर टकराव जन्म लेता है। विज्ञान ने निस्संदेह मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएँ दी हैं। रोगों पर नियंत्रण, संचार की गति, यात्रा की सरलता और उत्पादन की क्षमता—इन सब क्षेत्रों में विज्ञान ने क्रांति की है। लेकिन इसी विज्ञान से यह अपेक्षा भी जुड़ी थी कि वह मनुष्य को अधिक संतुलित, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं हुआ। विज्ञान ने हमें शक्ति दी, पर संयम नहीं सिखाया। गति दी, पर विराम नहीं। साधन दिए, पर मर्यादा नहीं।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### मृत्युंजय




आतंकवादियों से लड़ते समय शहीद हुए सैनिक के शव का जैसे ही गाँव के पास पहुँचने का सन्देश मिला, तो पूरे परिवार के सब्र का बाँध टूट गया। उसकी माँ और पत्नी कर क्रंदन हृदय विदारक था। जब से उसकी शहादत का पता चला था, उसी समय से उसकी पत्नी उसकी तस्वीर को लेकर केवल रो ही रही थी। अपनी उस तस्वीर पर शहीद सैनिक ने अपने ही हाथ से लिखा था - 'मैं' । उस विलाप में एक दूसरी महिला बिलखती हुई बोली, 'इतनी सी उम्र में देश पर कुरबान हो गया, अभी तो जिन्दगी देखी ही कितनी थी...' एक अन्य महिला ने उसकी पत्नी को देखते हुए कहा, 'कोई बेटा भी नहीं है, किस आसरे से जियेगी ये?'

उसी समय उस शहीद सैनिक की बेटी वहां आई, और अपनी माँ का चेहरा अपने दोनों में हाथों में ले लिया। आंसूओं से भरी थकी हुई आँखों से माँ ने अपनी बेटी को देखा तो आँखें नहीं हटा पायी। उसकी बेटी एक सैनिक की वेशभूषा में थी, ठीक उसी तरह जिस तरह शहीद सैनिक रहता था। उसकी बेटी ने रूंधे गले से कहा, 'माँ, पापा देश के लिए शहीद हुए हैं... मुझे गर्व है उन पर... लेकिन जिन लोगों ने उनको... पापा जैसी बनकर मैं उनसे बदला लूंगी...' कहते-कहते बेटी की आँखें लाल होने लगीं थी। उसने माँ के हाथ में रखी तस्वीर को एक सैनिक की तरह जोश के साथ सैल्यूट किया, वहीं पास रखी सिन्दूर की डिबिया उठाई, उसमें से सिन्दूर निकाल कर अपनी अंगुली पर लिया, और तस्वीर में लिखे 'मैं' के आगे लिख दिया - 'हू' ।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# स्टैमिना बढ़ाने के लिए रोज करें ये योगासन, नहीं महसूस होगी थकान और कमजोरी

-ताड़ासन- इस आसन को करने के लिए आप जमीन पर सीधे हाथ जोडऩे की मुद्रा में खड़े हो जाएं। धीरे-धीरे अपने हाथों को ऊपर की ओर ले जाएं। अब अपनी एडियों पर उठने की कोशिश करें और शरीर का भार अपने निचले हिस्से पर डालें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहने के बाद वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्रक्रिया को 10-15 बार दोहराएं। -त्रिकोणासन -इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों के बीच 3-4 फीट की दूरी बनाकर रखें। अपने दोनों हाथों को जांघों के बगल में रखें और अपनी बाहों को कंधे तक फैलाएं। फिर धीरे-धीरे सांस लेते हुए, दाएं हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। इस दौरान आपका हाथ कान को छूना चाहिए। अब सांस छोड़ते हुए, अपने शरीर को बाईं तरफ को झुकाएं। ध्यान रखें कि इस दौरान आपके घुटने मुडऩे नहीं चाहिए। इस मुद्रा में कुछ देर बने रहें। इसके बाद प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं। आप इस आसन को 3 से 5 बार दोहरा सकते हैं। -भुजंगासन -इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को आप 3 से 5 बार दोहराएं। -बालासन- इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों की अच्छी छाप रहेगी। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई लापरवाही नहीं करनी है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, लेकिन भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको आस पड़ोस में किसी वाद-विवाद में पडऩे से बचना होगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। कोई सरकारी कामयाबी लंबे समय से यदि पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा और आप धन को किसी योजना में लगाने की कोशिश में लगे रहेंगे। जो आने वाले समय में आपको बेहतर लाभ देगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। जीवनसाथी भी किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी आय में भी वृद्धि होगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। राजनीति में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप छोटे बच्चों के साथ भी कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको अपनी टेंशनों से भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

**मीन**
आज आपको किसी काम को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी और आपका मन भी परेशान रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है, नहीं तो वे आपके लिए बाद में मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।

# देवली में नगर पालिका ईओ की मनमानी शहर वासियों पर पड़ रही है भारी

## कचरे और गंदगी का डंपिंग यार्ड बनाकर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर की नगर पालिका के अधिकारी की मनमानी ने लोगों का जीना दुश्वार किया हुआ है। जी हां ऐसा ही एक मामला देवली शहर के वार्ड नंबर 16 के गांधीनगर कॉलोनी का सामने आया है। यहां के हालात ऐसे बने हुए हैं की नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने देवली शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड के पीछे गांधीनगर कॉलोनी मे कचरे और गंदगी का डंपिंग यार्ड बनाकर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया हुआ है। ऐसे हालातो पर वार्ड नंबर 16 के गांधीनगर कॉलोनी मे रहने वाले लोगों ने बताया कि यह कॉलोनी देवली शहर की पोश कॉलोनियों की श्रेणी में आती है। इसके बावजूद नगर पालिका के उक्त अधिकारी यहां कॉलोनी के बीचो-बीच गंदगी और कचरा डलवाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कॉलोनी वासियों ने यह भी बताया कि यहां के एक भूखंड कीमत एक करोड़ रुपए से भी अधिक हो गई है । तो वही इस कॉलोनी में सरकारी कर्मचारी और कारोबारियो के मकान बने हुए हैं। साथ में नगर पालिका ने यहां गार्डन का निर्माण कराया हुआ है। इसके इर्द-गिर्द नगर गंदगी और कचरा डलवाकर मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। तो वही यहां गार्डन में खेलते बच्चों के बीच गंदगी से उठने वाले संक्रमण के फेलने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी यहां कॉलोनी के बीचो-बीच कचरा और गंदगी डलवा रहे हैं। इतना ही नहीं नगर पालिका उक्त अधिकारी ने इस कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर डंपिंग यार्ड बनवा दिया है। जिसमें सफाई कर्मचारी,,बस स्टैंड,,गौरव पथ,,,जनता कॉलोनी,,,तेली मोहल्ला,,,इत्यादि क्षेत्र का कचरा और गंदगी लाकर यहां डाल रहे हैं। यहां बने ऐसे हालातो पर शहर के कारोबारी दुर्गा लाल जांगिड़ ने बताया कि वह इसी कॉलोनी के निवासी हैं। यहां शर्मनाक बात तो यह है कि नगर पालिका के अधिकारी द्वारा यहां मुख्य मार्ग पर और लोगों की घरों के पीछे कचरा डलवाया जाता है। कॉलोनी निवासी दुर्गा लाल जांगिड़ ने यह भी बताया कि यहां बने ऐसे हालातो की सूचना उनके द्वारा कई बार पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को दी गई है। बावजूद इसके उक्त अधिकारी ने ऐसे हालातो को नजरअंदाज किया हुआ है। इसी प्रकार देवली नगर पालिका के पार्षद भीमराज जैन ने बताया कि वार्ड नंबर 16 से उनकी पत्नी सीता देवी जैन पार्षद है। ऐसे में पार्षद होने के नाते मैंने और मेरी पत्नी पार्षद सीता देवी ने पिछले तीन वर्षों में कई मर्तबा ऐसे हालातो की लिखित में शिकायत पालिका ईओ को दी गई है। और यहां से डंपिंग यार्ड हटाने की गुहार लगाई हुई है। लेकिन उक्त अधिकारी ने लिखित में दी गई शिकायतों को गंभीरता नहीं लिया हुआ है।

गौरतलब है कि अभी हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर,,कस्बे,,और ग्राम पंचायत से ब्लैक स्पॉट प्वाइंटों को पूरी तरह हटाने के निर्देश जारी किए हुऐ है। लेकिन यहां उक्त अधिकारी ने मुख्यमंत्री के निर्देशों को ताक में रखकर शहर के बीचो बीच कचरे का डंपिंग यार्ड बनाकर स्वच्छ भारत अभियान और नीति की धज्जियां उड़ाई हुई है।

ऐसे हालातो पर जब अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा फोन पर संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया और ऐसे हालातो की जानकारी व्हाट्सएप पर उक्त अधिकारी को दी गई उसके बावजूद उक्त अधिकारी ने मीडिया का फोन रिसीव नहीं किया।





वार्ड पार्षद सीता देवी और भीमराज जैन ने गांधीनगर कॉलोनी से डंपिंग यार्ड हटाने के लिए लिखित में दिए हुए हैं पत्र

## मतदाता साक्षरता उत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एनवीडी-2026 के अवसर पर जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के फलस्वरूप पुरूस्कृत ईएलसी विद्यालय राउमावि ईसरदा में निर्वाचन साक्षरता/ मतदाता जागरूकता अन्तर्गत भावी/ युवा मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता साक्षरता उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता पोस्टर, नैतिक मतदान के महत्व पर भाषण, निर्वाचन प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध करवायी जा रही विभिन्न ऑनलाईन एप, पोर्टल इत्यादि के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा तथा मैं भारत हूं गीत का गायन गतिविधियों की प्रस्तुति की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में अतुल जांगिड, रंगोली में काजल जांगिड व चेतना पंवार, निर्वाचन प्रश्नोत्तरी में ऋषिका कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार प्रदान किये गये। अन्त में उपस्थित समस्त कर्मियों, जन समुदाय, सामाजिक मुखियाओं द्वारा मतदाता शपथ ली गई।




## मांडकला श्री कल्याण महाराज मंदिर में माली समाज चारों चोखला की बैठक, नई मंदिर कार्यकारिणी का गठन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट ।** नगर फोर्ट मांडकला स्थित श्री कल्याण महाराज मंदिर में माली समाज चारों चोखला की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई । इस बैठक में नवीन मंदिर कार्यकारणी का गठन हुआ । समाज के कार्यकर्ता हेमराज सैनी नगर ओर भाग चंद ने बताया कि समिति में अध्यक्ष जगदीश सैनी (जलसीना) अध्यक्ष ,बाबू लाल सैनी राम सागर कोषाध्यक्ष राम लाल सैनी को महा मंत्री ओर हजारी लाल सैनी को मंत्री नियुक्त किया गया बैठक की अध्यक्षता टोडा निवासी परशुराम सैनी ने की इस दौरान समाज में एकता रखने और कुरीतियों खत्म करने पर जोर दिया इस बैठक में आस पास के 80 गांवों के पंच पटेलों ने भाग लिया

## यूजीसी के विरोध में 6 को उनियारा बंद

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (नि.स.)।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में रविवार को कस्बे में स्वर्ण एवं ओबीसी समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कानून के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से आगामी 6 फरवरी को 'उनियारा बंद' रखने का निर्णय लिया गया। ?तय रणनीति के अनुसार, 6 फरवरी को कस्बे के कटला बाजार से विरोध प्रदर्शन शुरू होगा। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लेकर सदर बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंचेंगे, जहां नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इसके पश्चात उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बंद के दौरान सुबह से ही क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहेंगे और ज्ञापन देने के बाद ही बाजार खोले जाएंगे। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद विभाग का शिष्ट मंडल जलदाय मंत्री से मिला

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपनिदेशक आयुर्वेद टोंक डॉ रामसहाय बैरवा ने सोमवार को शिष्ट मंडल के साथ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिलकर ब्लॉक आयुष चिकित्सालय टोडारायसिंह में उप जिला चिकित्सालय आयुष में क्रमोन्नत करवाने एवं जिला आयुष चिकित्सालय में पद स्वीकृत करने एवं भूमि आवंटन करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। डॉ लोकेंद्र गुप्ता ब्लाक आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक आयुष चिकित्सालय टोडारायसिंह में आउटडोर ज्यादा होने से एवं जनता की आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति रुझान होने से इसकी नितांत आवश्यकता है। शिष्ट मंडल में डॉ प्रमोद बैरवा, डॉ निष्ठा, डॉ रेणुका, कंपाउंडर हंसराज जैन, राजेंद्र चौपड़ा आदि शामिल हुए।



## मांगो को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे कर्मचारी एवं पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन जयपुर सवाई माधोपुर के शाखा सचिव कामरेड मदन सिंह राजावत ने बताया कि एआईआरएफ के महामन्त्री शिवगोपाल मिश्रा, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के जोनल महामंत्री कॉम मुकेश माथुर, मंडल अध्यक्ष केएस अहलावत, जयपुर मंडल मंत्री कॉम. राकेश यादव के आह्वान पर रेल कर्मचारियों के आठवें वेतन आयोग को शीघ्र लागू करने, पुरानी पेंशन, ट्रैक मेंटेनर की पेट्रोलिंग बीट 16 किलोमीटर से 12 किलोमीटर करने, सिग्नल रनिंग एवं टीआरडी स्टाफ की विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर सवाई माधोपुर एम्पलाई यूनियन के शाखा उपाध्यक्ष कामरेड मुकेश जाट बालापुरा, युवा नेता कामरेड भागचंद गुर्जर बनेठा, एम्पलाई यूनियन के यूथ मीडिया प्रभारी उपेंद्र कुमार बैरवा, बहादुर गुर्जर, जितेंद्र जाट, विनोद कुमार जाट, कमलेश कहार, मुरली मीणा, मनोज शर्मा, आनंद शर्मा, लालचंद मीणा, बनस्थली निवाई स्टेशन अधीक्षक राकेशकुमार मीणा, बनवारीलाल सैनी, हरपाल ठेकादार, गिरिराज शर्मा, रूपनारायण मीणा, सुरेश कुमार जाट, बाबूलाल मीणा, शेट्टी अन्ना, तेजराम जाट व पप्पूलाल योगी सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने सुनीं जनसमस्याएं दिए त्वरित समाधान के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि एवं उद्यानिकी आपदा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित कर जिलेवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने सडक़, पेयजल, सीवरेज, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, अतिक्रमण, मृत पशु निस्तारण तथा नगर परिषद से जुड़े विभिन्न मुद्दे रखे। मंत्री ने सभी परिवेदनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए सडक़ निर्माण कार्य पुराने सडक़ स्तर की गहरी खुदाई के बाद ही कराए जाएं, ताकि घरों व कॉलोनियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। कानून व्यवस्था एवं यातायात सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर परिषद क्षेत्र में मृत पशुओं के त्वरित निस्तारण हेतु टीम गठित कर नियमित कार्रवाई करने के निर्देश नगर परिषद प्रशासक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर को दिए गए। विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जीएसएस फीडर के माध्यम से अनियमित आपूर्ति की शिकायतों के निस्तारण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। राजबाग क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पुलिया के पुनर्निर्माण में हो रही देरी एवं आरएसआरडीसी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में उन्होंने मौके पर ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता से दूरभाष पर वार्ता कर परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी आर.के. दीक्षित के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी, लापरवाही अथवा गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बी.एस. मीणा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।




## उप कारागृह गंगापुर सिटी का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ द्वारा विचाराधीन प्रकरण सिंगल बेंच सिविल रिट पिटिशन संख्या 11417/2008 में पारित आदेश की पालना में समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर एवं आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा सोमवार को उप कारागृह गंगापुर सिटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप कारागृह गंगापुर सिटी के कार्यवाहक जेलर विदेश कुमार से राजस्थान जेल नियम 2022 के अनुसार बंदियो के लिए पीने योग्य पानी की उपलब्धता, पानी के स्रोत, पानी के लिए स्टोरेज टैंक की उपलब्धता एवं उनकी साफ-सफाई, वॉटर एनालिसिस रिपोर्ट, आपातकालीन उद्देश्यों के लिए भूमिगत जल की उपलब्धता, स्नानागार की उपलब्धता एवं उनकी साफ-सफाई, बंदियों के नहाने और कपड़े धोने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था, कपड़े धोने के लिए डिटर्जेंट और साबुन की सप्लाई, बंदियों के अनुपात में टॉयलेट की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा द्वारा बंदियों से पृथक-पृथक संवाद कर बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं को सुनकर बताई गई समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु उप कारागृह गंगापुर सिटी के कार्यवाहक जेलर विदेश कुमार को निर्देश प्रदान किए गए, दौराने निरीक्षण अधिकार मित्र विकास कुमार सैनी, डॉ. भरत गोयल, कंपाउंडर गयूर अहमद एवं उप कारागृह स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।



## विश्वकर्मा जयंती महोत्सव, परंपरागत हुनर सिखाने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगरफोर्ट (कमलेश गौतम)।** मांडव ऋषि की तपोभूमि मिनी पुष्कर धाम माण्डकला पर श्री विश्वकर्मा मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में जांगिड़ समाज के मंदिर पर श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह मनाया गया। भगवान विश्वकर्मा का अभिषेक पूजा कर श्रृंगार किया गया। इसके बाद सामाजिक विचार गोष्ठी व सामूहिक प्रसादी का आयोजन हुआ। जयंती कार्यक्रम में अतिथियों ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया, साथ ही बालकों को शिक्षा के साथ जांगिड़ समाज का परंपरागत हुनर भी सिखाने की अपील की गई। इससे पहले विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर मंदिर पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें रात भर धार्मिक भजनों की गंगा बहती रही। इस दौरान मंदिर को सुंदर लाइट डेकोरेशन व फूलों से सजाया गया व भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झांकी सजाई गई। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य आसपास के गांवों के समाज बंधु उपस्थित रहे जिनका श्री विश्वकर्मा मंदिर विकास समिति मांडकला द्वारा सहित पधारे अतिथियों समाज सेवकों व भामाशाह का सम्मानित किया गया।

## विकास की दरकार-विधायक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (नि.स.)।** उपखंड के पलाई कस्बे में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों, समाजसेवियों व प्रशासक ने विधायक राजेन्द्र गुर्जर को मांग पत्र सौंपा। आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पलाई की प्रमुख समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने कस्बे की बढ़ती आबादी को देखते हुए बीसलपुर परियोजना की एक बड़ी पानी की टंकी बनवाने तथा विद्यालय के विकास की मांग रखी। ज्ञापन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कृषि व विज्ञान संकाय खोलने, कला वर्ग में भूगोल विषय शुरू करने और अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण की जरूरत बताई गई। साथ ही पलाई में अलग से बालिका विद्यालय खोलने का भी आग्रह किया गया। ज्ञापन में नगरफोर्ट रोड स्थित श्मशान घाट से अतिक्रमण हटाने, खेल मैदान से 33/11 केवी लाइन के पोल शिफ्ट करने और पुलिस चौकी के सामने पुलिया निर्माण की मांग की गई। इसके अलावा तेजाजी मंदिर से ह॥ 148ष्ठ तक अटल पथ, नगर रोड से तुम्बीपुरा तक डामरीकरण और पंचायत भवन से सब्जी मंडी तक नाली सहित सीसी रोड निर्माण को आवश्यक बताया। विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे आगामी बजट में इनमें से मुख्य मांगों को शामिल करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। ?इस दौरान समाजसेवी शेरसिंह सोलंकी, जीएसएस अध्यक्ष प्रधान गुर्जर, प्रशासक लादू लाल रैगर, लखपत धाबाई, पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड़ सहित अमीन खां, मनोज कुमार, चेतराम, धन्नालाल बैरवा व अन्य युवा मौजूद रहे।



## केंद्रीय बजट 2026 : गरीब,युवा,अन्नदाता,नारी और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला दूरदर्शी बजट-डॉ. मीणा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय बजट 2026 के संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है, जो गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी, मध्यम वर्ग और उद्यमी के लिए स्पष्ट दिशा एवं मजबूत आधार प्रस्तुत करता है।

कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के सिद्धांत पर आधारित है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल सामाजिक न्याय तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की भूमिका को मजबूत करने वाला बजट है। महिलाएं भारत की ग्रोथ इंजन - डॉ. मीणा ने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला शिक्षा और सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी 41 जिलों में महिला छात्रावास की स्थापना की जाएगी। बजट में महिलाओं की भूमिका को सामाजिक योजनाओं से आगे बढ़ाकर आर्थिक निर्णय, उद्यमिता, तकनीकी क्षेत्र और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक विस्तारित किया गया है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत - मंत्री ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। एलआरएस के अंतर्गत अब इस वर्ग के परिवारों के बच्चों की विदेश शिक्षा सुलभ बनाने हेतु विदेश यात्रा के टूर पैकेज पर टीसीएस की दर को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे अभिभावकों पर पडऩे वाला आर्थिक बोझ कम होगा। प्रेस वार्ता के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम गौरव मित्तल, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जनप्रतिनिधि एवं जिले के मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियानःबाल विवाह निषेध रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अधिकार मित्र मगनलाल मीणा द्वारा ग्राम श्यामोता में बाल विवाह निषेध रैली का आयोजन किया गया। यह रैली राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय श्यामोता से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय श्यामोता में जाकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों से लिखी तख्तियां लेकर बाल विवाह बंद करो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे सशक्त नारें लगाएं। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने बाल विवाह के सामाजिक दुष्परिणामों, बालविवाह से बच्चों के भविष्य पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभावों, बाल विवाह से जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

# जिला कलक्टर ने की ग्राम उत्थान शिविर प्रगति एवं सम्पर्क पोर्टल के लंबित परिवादों की समीक्षा

## पात्र लोगों को शिविरों में योजनाओं की जानकारी प्रदान कर मौके ही लाभांवित कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं उपखण्ड अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से जिले में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित हो रहे एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविरों में विभागवार प्रगति तथा संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



जिला कलक्टर ने राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित ग्रामोत्थान शिविरों की प्रगति की विभागवार एवं उपखंडवार विस्तृत समीक्षा कर शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को अधिकाधिक संख्या में पात्रतानुसार लाभान्वित कराने तथा शेष कैंपों में निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों के संबंध में पूर्व में समुचित तैयारियां सुनिश्चित करावें तथा दैनिक प्रगति को गूगल सीट पर अपडेट करावें। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिवरों में फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण एवं आपसी सहमति से विभाजन कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारी संस्थाओं के लिए आवश्यक भूमि का प्राथमिकता से आवंटन भी करावें। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा कर निर्देशित किया कि बकाया प्रकरणों का नियमित तौर पर निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं।

### लोगों को विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

जिला कलक्टर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा तारबंदी योजना के 1227 आवेदन, पाइप लाइन के 691 आवेदन, फार्म पौण्ड के 299 आवेदन, बैलों से खेती योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के 30 आवेदन कराए गए। इसी प्रकार 8562 लोगों को फसल बीमा, 13137 लोगों को एमएसपी, 17410 लोगों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा 2412 सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण व 8072 मिनी किट वितरण का सत्यापन, 3321 बीज वितरण का सत्यापन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा फव्वारा संयंत्र के 534 आवेदन, ड्रिप के 345 आवेदन एवं प्लास्टिक मल्च के 140 आवेदन, सौर पम्प के 225 आवेदन, सोलर पम्प के 676 आवेदन एवं पॉली हाउस से वंचित प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 73 आवेदन कराए गए तथा 10710 लोगों को उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइसेस स्कीम के तहत 111 आवेदन कराए गए, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत 20 प्राप्त आवेदनों का निस्तारण व बस स्टैण्ड पर यात्रियों के लिए किसान विश्राम स्थल के 14 आवेदन के प्रस्ताव तैयार कराए गए। सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के 208 आवेदन, सदस्यता हेतु 67 आवेदन, नेशनल कॉपरेटिव ऑग्राइजेशन लि. के 73, नेशनल कॉपरेटिव एक्सपोर्ट्स लि. के 3, भारतीय बीज सहकारी समिति लि. के 32, नवीन गोदाम 100 एमटी के 9 एवं 250 एमटी के 4, 500 एमटी के 3 डेयरी कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा सहकारिता बैंक में खाता खोलने के 56 आवेदन, सेल्फ हेल्प ग्रुप के 6 ऋण आवेदन, कृषि/गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के 43 आवेदन, 782 सहकारिता सदस्यता आवेदन अभियान/पूर्व आवेदन की स्वीकृति, नए कस्टम हायरिंग सेंटर के 19 आवेदन कराए गए तथा 3475 लोगों को सहकारिता ऋण योजना की जानकारी दी गई।

## ग्राम पंचायत कलेशान की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** ग्राम पंचायत कलेशान की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सीमा मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत में ग्रामीण बन्दरों के आतंक से बहुत परेशान हैं, जल जीवन मिशन के तहत पानी उपलब्ध करवाने, कलेशान के श्मशान के रास्ते को पक्का कराने, चार दिवारी व टीन शेड लगवाने, सीनियर स्कूल का पट्टा बनवाने, बिजली कटौती को बंद करने, ग्राम पंचायत में नाली नहीं होने के कारण पानी रास्ते में भर रहा है जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, आवारा पशुओं को पकडक़र अन्यत्र छुड़वाने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का निर्माण करवाने तथा कचरा पात्र लगवाने, ग्राम पंचायत में रोड़ लाइट लगवाने, तथा मोबाइल नेटवर्क की समस्या को सही करवाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। इस दौरान कमलेश कुमार मीना, रमेश मीना, अमित कुमार, रामपाल, अरूण सहित महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स प्राप्त कर रहे पेंशनर्स बैंक खाता/आईएफएससी कोड यथाशीघ्र अपडेट करावे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत जिले में वर्तमान में कुल 249628 पेंशनर्स योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को राजस्थान ग्रामीण बैंक में मर्ज कर दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे ऐसे पेंशनर्स जिनके खाता/आईएफएससी कोड परिवर्तित हुए हैं उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन पोर्टल पर भी खाता/आईएफएससी कोड अपडेट करवाना आवश्यक है। अत: सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स जिन्होंने अभी तक अपना खाता/आईएफएससी कोड पेंशन पोर्टल पर अपडेट नहीं किया वे ई-मित्र के माध्यम से अपना नया खाता/आईएफएससी कोड अपने जनाधार कार्ड में अपडेट कराकर पेंशन पीपीओ, बैंक पासबुक, जनाधार कार्ड में अपडेटेड मोबाइल नंबर मिनी सचिवालय स्थित कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सम्पर्क कर पेंशन पोर्टल में खाता/आएफएससी कोड अपडेट करवाना सुनिश्चित करें। अन्यथा पेंशन राशि का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

## शहर की सडक़ों पर स्टंट करते पकड़ी गई दो थार:पुलिस को देखते ही गाड़ी छोडक़र भागे स्टंटबाज़; उत्पात मचाते हुए निकले थे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर में सडक़ों पर थार गाडिय़ों से स्टंटबाजी करने वाले युवाओं के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को ट्रैफिक थाना पुलिस ने ओसवाल स्कूल के पास कार्रवाई करते हुए दो थार गाडिय़ों को जब्त किया है। पुलिस को देखकर मौके से दोनों गाडिय़ों के ड्राइवर भाग गए। पुलिस ने गाडिय़ों को क्रेन की मदद से थाने पहुंचाया।



पुलिस के अनुसार, कुछ युवक सार्वजनिक सडक़ों पर तेज रफ्तार और खतरनाक स्टंट कर रहे थे, जिससे न केवल उनकी खुद की जान जोखिम में पड़ रही थी, बल्कि आम राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा बना हुआ था। लंबे समय से थार गाडिय़ों से स्टंटबाजी को लेकर ट्रैफिक पुलिस को शिकायतें मिल रही थी। ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष निगरानी अभियान चलाया गया। इसी दौरान ओसवाल स्कूल के पास दो थार गाडिय़ों को खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए पकड़ा गया, जिसके बाद दोनों वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में सडक़ सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह सतर्क है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## सरिस्का के जंगल में बाघ से भिड़ी बाघिन, मौत:5 साल की टाइग्रेस के शरीर पर मिले बड़े घाव; टेरिटरी को लेकर भिड़े दोनों

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सरिस्का के जंगल में टेरिटरी को लेकर बाघ-बाघिन में लड़ाई हो गई। इसमें बाघिन स्त्र-28 की मौत हो गई। बाघिन का 24 घंटे पुराना शव सोमवार को ग्रामीणों ने देखा तो सूचना दी। इसके बाद वन विभाग और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। बाघिन के शरीर के पिछले हिस्से पर 2 बड़े घाव थे और कुछ घाव छोटे थे। 3 डॉक्टरों की टीम ने बाघिन का पोस्टमॉर्टम किया। दोपहर बाद बाघिन का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



**बाघिन का शव 1 दिन पुराना :** सरिस्का के सीसीएफ संग्राम सिंह ने बताया-टेरिटरी को लेकर हुई फाइट में बाघिन स्त्र-28 की मौत हो गई। उसकी टेरिटरी सुकोला के आस-पास थी। शव अकबरपुर रेंज पृथ्वीपुरा बीट के डाबली वन क्षेत्र में मिला है। प्रारंभिक तौर पर टेरिटरी को लेकर बाघिन की दूसरे बाघ के साथ फाइट में मौत होना सामने आया है। बाघिन का शव 1 दिन पुराना है, उसके शरीर पर कीड़े नहीं थे। बालेटा नाका पर ही 3 डॉक्टरों की टीम ने बाघिन का पोस्टमॉर्टम किया। बाघिन के शरीर के पिछले हिस्से पर 2 बड़े घाव मिले, जबकि शरीर पर कुछ छोटे घाव भी थे। दोपहर बाद डाबली वाले जंगल, कलाकड़ी चौकी में वन विभाग के अधिकारियों, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**5 साल की थी बाघिन एसटी-28 :** बाघिन एसटी-28 की उम्र करीब 5 साल थी। इसने अभी तक कोई शावक नहीं जन्मा था। ये एसटी-14 की बेटी थी। बाघिन एसटी-17, बाघ एसटी-18, बाघिन एसटी-26, बाघिन एसटी-27 भी एसटी-14 के बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

## आमजन की समस्याओं का करें त्वरित समाधान अंतिम छोर के व्यक्ति तक राहत, हमारी नीति और नीयत -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारण करने, फॉलोअप सुनिश्चित करने तथा समाधान में कोताही नहीं बरतने के लिए निर्देशित किया।



शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण राहत दी जा सके। हमारी नीतियों और नीयत के केन्द्र में लोककल्याण ही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसेवा की भावना के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई के दौरान महिलाएं, युवा, दिव्यांगजन, वृद्धजन सहित सभी परिवादी अपनी समस्याओं के मौके पर ही समाधान से संतुष्ट नजर आए।

इस दौरान श्री शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में संबंधित जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखण्ड के निकटवर्ती ग्राम राजपुर बड़ा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सोमवार को सत्र 2025-26 के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच अंजना शर्मा रहीं। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सरपंच अंजना शर्मा ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा से जोडऩा और उनके आवागमन को सुगम बनाना है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढऩे और गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान कक्षा 9 की कुल 49 पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। नई साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि साइकिल मिलने से दूर-दराज से आने वाली बालिकाओं के समय की बचत होगी और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्यारे लाल जाटव और उपप्रधानाचार्य मामराज मीणा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामपति मीणा (प्रधानाध्यापिका, केजीबीवी) मुकेश मीणा, हेमंत शर्मा, छोटे लाल मीणा, बनवारी लाल शर्मा, सिया राम मीणा,

रामोतार (बाबूजी), हेमंत शर्मा विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार और विद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## 6 से 8 फरवरी तक भारत के टाइगर रिजर्वस के क्षेत्र निदेशकों एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालकों की तीन दिवसीय कार्यशाला होगी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बाघ परियोजना सरिस्का में 6 से 8 फरवरी तक भारत के टाइगर रिजर्वस के क्षेत्र निदेशकों एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालकों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी। इस दौरान केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने बताया कि कार्यशाला में रेस्क्यू हेतु रोडमैप तथा प्रोजेक्ट चीता की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया जाएगा। साथ ही मानव बाघ, संघर्ष, अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2026 तथा बाघ आबादी के सक्रिय प्रबंधन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श एवं समीक्षा की जाएगी। इस दौरान सिलीसेढ झील को रामसर साइट साइट घोषित किये जाने के उपलक्ष्य में 7 फरवरी को सिलीसेढ झील पर बर्ड फेस्टिवल का भी आयोजन होगा। 8 फरवरी को प्रातःकाल अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन होगा, जिसका उद्देश्य बाघ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढाना है। कार्यशाला में 58 टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक एवं 18 राज्यों के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक भाग लेंगे।

राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह का समापन समारोह हुआ आयोजित

## आमजन को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान कर सडक सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2026 का समापन समारोह आज प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कांबले शरण गोपीनाथ, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री रवीन्द्र जोशी एवं जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती सविता भारद्वाज ने आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ परिवहन विभाग द्वारा जारी राह-वीर योजन के दिशा-निर्देशों के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम में सुजल सहेली महासंघ के द्वारा नुक्कड नाटक का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं रेडक्रॉस सोसाइटी से



डॉ. कुमुद गुप्ता द्वारा बीएलएस प्रशिक्षण ट्रेनिंग कैम्प काआयोजन कर दुर्घटना में ग्रसित लोगों को प्राथमिक उपचार देने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सडक सुरक्षा जन जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों, हितधारक विभागों के कार्मिकों एवं विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों, सुजल महासंघ के सदस्यों, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों, डीलर यूनिट एसोसिएशन, हीरो मोटोकॉपर्स गुरप, अशोक लीलेंड गुरप एवं मैटसो व इनके द्वारा संचालित प्लान इंडिया ग्रुप को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्री ललित कुमार गुप्ता ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सडक सुरक्षा माह में सहयोग करने वाले हितधारकों एवं विभाग का आभार जताया। इस दौरान यातायात प्रभारी श्री संजय शर्मा, प्रभारी यातायात शाखा ग्रामीण श्री राजेश कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, हितधारक एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# वीडीओ बोला-चार्ज नहीं दूंगा, चाहे मुझे सीईओ सस्पेंड कर दे-प्रधान ने कहा- हमारा ही विधायक हमें चार्ज नहीं लेने दे रहा; 6 घंटे बाद धरना खत्म

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कठूमर प्रधान संगम चौधरी के कार्यभार संभालने से संबंधित मामले में वीडीओ ने साफ तौर पर मना करते हुए कहा कि जिला परिषद सीईओ चाहे मुझे सस्पेंड कर दें, लेकिन मैं प्रधान को चार्ज नहीं संभालने दूंगा। प्रधान संगम चौधरी ने अपनी ही पार्टी के विधायक को घेरते हुए कहा कि हमारा विधायक ही हमें चार्ज नहीं संभालने दे रहा है। सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास प्रधान संगम चौधरी करीब 500 कार्यकर्ताओं के साथ अलवर जिला परिषद के मुख्य गेट पर धरने पर बैठी थी। जिसके 6 घंटे बाद करीब शाम 6 बजे धरना समाप्त कर दिया गया। प्रधान संगम चौधरी ने भाजपा विधायक समेत कुछ सरपंचों पर आरोप




लगाते हुए कहा था कि बीजेपी विधायक रमेश खींची अपने कुछ सरपंच मित्रों के कहने पर उन्हें प्रधान पद का कार्यभार संभालने नहीं दे रहे हैं। धरने पर बैठी प्रधान संगम चौधरी जिला परिषद सीईओ को बुलाने की मांग कर रही थी। इस दौरान सीईओ के पास पांच लोगों की टीम उनके चेंबर में पहुंची और सीईओ से कहा कि आप वीडीओ को दोबारा आदेश करे। जिस पर सीईओ ने वीडीओ को फोन कर कहा कि प्रधान संगम को तुरंत प्रभाव से चार्ज दिया जाए।

### वीडीओ बोला- कुछ नहीं करूंगा, चाहे सीईओ मुझे सस्पेंड कर दे

जिसके बाद चेंबर में बैठे उप प्रधान विश्वेंद्र ने वीडीओ को फोन किया तो वीडीओ बोला- कुछ नहीं करूंगा, चाहे सीईओ मुझे सस्पेंड कर दे। जिसकी अवाज चेंबर में बैठे सीईओ ने भी सुनी। ऐसे में सीईओ ने वीडीओ के संस्पेशन के आदेश निकालने की बात कही और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। सीईओ के आश्वासन के 6 घंटे बाद धरना समाप्त हुआ। इस दौरान जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर भी मौके पर पहुंचे और सीईओ से तुरंत वीडीओ को नोटिस देने और प्रधान को वापस चार्ज सौंपने के आदेश जारी करने की बात कही।

### कोर्ट की बहाली के बाद भी सीईओ कर रहे टालमटोल

प्रधान ने सीईओ पर आरोप लगाते हुए बताया कि निलंबन के बाद कोर्ट से उनकी बहाली के आदेश आ चुके हैं, इसके बावजूद जिला परिषद के सीईओ लगातार टालमटोल करते रहे और पद ग्रहण नहीं कराया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट के माध्यम से सीईओ को नोटिस भिजवाए, तब जाकर आदेश तो जारी किए गए। लेकिन कठूमर में जिस वीडीओ के पास चार्ज था, वह बीमारी का बहाना बनाकर वहां से चला गया। फिर अतिरिक्त वीडीओ योगेश भी बीमारी का हवाला देकर चला गया। इस दौरान प्रधान संगम चौधरी ने मांग है कि दोनों अधिकारियों की मेडिकल रिपोर्ट की जांच कराई जानी चाहिए।

## एक दिन में तीन मंदिरों में हुई चोरी पुलिस प्रशासन पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** थाना क्षेत्र में पुलिस की उदासीनता के चलते दिन पे दिन चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शहर में चोरों ने एक ही दिन में शहर के अलग अलग इलाकों के तीन मंदिरों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने मंदिरों में पीतल की घंटियां, झालर तथा शेष नाग को चुराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने



दिनदहाड़े शहर के पुरानी पुलिस चौकी के पास स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर से तीन किलो वजनी शेषनाग की प्रतिमा पर हाथ साफ कर लिया वही दूसरी मालियों के मंदिर परिसर के समीप स्थित हटीला हनुमान मंदिर से चोरों ने मंदिर में लगी लोहे की जाली को काटकर की घंटी तथा झालर चुरा ले गए। तीसरी घटना में चोर गुरुद्वारा रोड पर स्थित रामद्वारे के ताले तोडक़र पंखे चुरा ले गए। चोरी की घटना से गुसाई लोगों की भीड़ ने पुलिस प्रशासन की कारवाही पर सवाल उठाते हुए रात आठ नो बजे लगभग उपखंड कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए चोरी की घटनाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा थाने में पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छठी भव्य निशान एवं पदयात्रा देई धाम के लिए हुई रवाना

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** सोमवार को छठी भव्य निशान एवं पदयात्रा देई धाम के लिए रवाना हुई। छठी भव्य निशान एवं



पदयात्रा चारभुजा जी के चौक में श्याम बाबा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर महा आरती के पश्चात रवाना हुई। यह श्याम बाबा की भव्य निशान पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पुराना बाजार, विजय गेट, बस स्टैंड गांधीपुरा, चुंगी नांका, नयापुरा, होते हुए करवर हो कर देई धाम खाटू नरेश के लिय रवाना हुई। निशान पदयात्रा में शहर के महिला पुरुषों ने भाग लिया। यात्रा में महिलाएं तथा पुरुष डीजे की धुन पर बाबा के भजनों पर झूमते नाचते और श्याम बाबा के जय कारे लगाते हुए हाथ में निशान लेकर उत्साह के साथ पैदल यात्रा में आनंद लेते हुए चल रहे थे। इस दौरान निशान यात्रा का रास्ते में सभी सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा जगह जगह अल्पाहार की व्यवस्था भी की। यह पदयात्रा 3 फरवरी को श्याम बाबा के दरबार में देईधाम पहुंचेगी जहां पर सभी श्याम बाबा के भक्तों का दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।

## भाट समाज के चुनाव संपन्न:तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में हुआ आयोजन, सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** शहर के चारभुजा स्थित रामलीला मैदान के पीछे तेजाजी महाराज के मंदिर परिसर में रविवार को भाट समाज के चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। चुनाव में संरक्षक पद पर धर्म प्रकाश भाट, अध्यक्ष पद पर प्रेमाराम भाट, उपाध्यक्ष पद पर मेघाराम भाट, महासचिव पद पर देवीलाल भाट, उप महासचिव पद पर मोहनलाल भाट को निर्वाचित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार भाट और उप कोषाध्यक्ष पद पर विजय भाट को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा खेल मंत्री पद पर दिनेश कुमार भाट, जबकि शुभम भाट और जगदीश भाट को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए गए।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों के चयन के बाद समाज के लोगों ने माला पहनाकर, फूल मालाएं अर्पित कर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज में एकता, संगठन मजबूती और सामाजिक विकास पर जोर दिया गया।

## ग्राम उत्थान शिविर : पीएम सूर्यघर योजना में 3564 का हुआ पंजीकरण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों पर राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जिले के गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर के प्रथम एवं द्वितीय चरण में आयोजित शिविरों में अब तक 1 लाख 35 हजार से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। करीब 40 हजार किसानों को विकसित भारत-जी राम जी योजना के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। दोनों चरणों में ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम सूर्यघर योजना में 3564 का पंजीकरण किया गया, जबकि 2 हजार 265 सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए गए। ग्राम उत्थान शिविरों का तीसरे चरण में 5 से 9 फरवरी तक अलग-अलग गिरदावरी सर्कल में शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्राम उत्थान शिविर के दोनों चरण में आयोजित शिविरों में 1201 किसानों को तारबंदी योजना के बारे में, 1040 किसानों को पाइपलाइन के बारे में 7 हजार 657 किसानों को फसल बीमा योजना, 7 हजार 720 किसानों को एमएसपी योजना के बारे में तथा करीब 9 हजार किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। इन शिविरों में 235 फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण किए गए, 146 किसानों के सोलर पंप के लिए आवेदन तैयार किए गए और 81 के पोलीहाऊस के आवेदन तैयार किए गए। शिविरों में 16 स्वयं सहायता समूहों के ऋण आवेदन, 73 नए कस्टम हायरिंग सेंटर के आवेदन, 1390 मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पंजीकरण एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किए गए। 4 हजार 337 पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक औषधी पिलाई गई। इसके अलावा पंचायतीराज विभाग द्वारा 1570 लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरण किए गए।

# नैनवाँ थाने में उग्र प्रदर्शन, गरमाया माहौल

## आधे घंटे तक चली वार्ता, 10 दिनों में खुलासा का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** थाना क्षेत्र के भट्टो का नयागांव पंचायत बाछोला में 14 जनवरी की रात्रि को 21 गोवंश को कंटेनर में भरकर तस्करी करने का मामला सामने आया था । सूचना पर विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अपने स्तर पर रैकी कर पुलिस को पकड़ा गया था । लेकिन प्रकरण में पुलिस अधिकारियों ने पुख्ता कार्रवाई नहीं करने से नाराज गौ सेवक,बजरंगदाल,विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आधे घंटे तक नैनवा पुलिस थाने के सामने उग्र प्रदर्शन किया । कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई । इस दौरान मौके पर पुलिस जाप्ता तैनात रहा । कार्यकर्ता थाने के बाहर धरने पर बैठकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दिया मामला बिगड़ते देख पुलिस उप अधीक्षक राजू लाल मीणा एंव सीआई सहदेव मीणा मौके पर पहुंचे । उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ता की गई ।डीएसपी राजू लाल मीणा ने गोवंश तस्करी प्रकरण में 10 दिनों सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाने एंव दोषी पुलिस कार्मिको के खिलाफ करवाई किया जाने का आश्वासन दिया गया । बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक लक्की चोपड़ा व जिला मंत्री संजय नगर ने कहा कि 10 दिन में पुख्ता कार्यवाही नहीं की गई तो सभी लोग फिर उग्र आंदोलन करेंगे । प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के जिला मिलन केंद्र प्रमुख बृजेश राठौर, प्रखंड मंत्री पवन गौतम ,सह मंत्री जगदीश बंजारा, प्रखंड के संयोजक धनराज सैनी , सहसंयोजक पारस जांगिड़ ,सीताराम गुर्जर ,सह गोरक्षा प्रमुख विक्रम गुर्जर, नगर सहयोजक गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सैन ,व्यायाम शाला प्रमुख सोनू जांगिड़ , देई प्रखंड के संयोजक पुनीत शर्मा, हरिश सिंह , के.के शर्मा, मुकुल साहू ,विपुल सेन , अंकित मारवाड़ा, प्रांजल जैन, दीपक सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे ।

### कार्यकर्ताओं का आरोप

विभिन्न संगठनों के जुड़े हुए पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि गो तस्करी प्रकरण की सुचना पुलिस थाना नैनवां को तुरंत दी गई थी । लेकिन पुलिस लगभग तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे आरोपी फरार हो गए। प्रकरण में अब तक केवल दो आरोपियों की ही गिरफ्तारी होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो, मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु क्षेत्र में सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

### निकाली आक्रोश रैली

सोमवार को गौ सेवक सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए ।

जहा आम सभा का आयोजन किया गया । सभा को संबोधित करते हुए बजरंग दल कोटा विभाग के संयोजक लक्की चोपड़ा ने कहा कि घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है आमसभा मेंकई वक्ताओ ने अपने विचार रखें ।

इसके बाद नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला जो भगत सिंह सर्किल अदालत के सामने होते हुए पुलिस थाना नैनवा पहुंचे जहां पर पुलिस और बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता आमने-सामने हो जाने से माहौल तनाव पूर्ण हो गया । इस दौरान अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा ।

## बूंदी: संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का भव्य समापन, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया आयुर्वेद की शक्ति का बखान

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला मुख्यालय पर आयोजित चार दिवसीय संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का सोमवार को गरिमामय समापन हुआ। इस समापन समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मेले के अंतिम दिन भारी संख्या में आमजन ने आयुष पद्धतियों का लाभ उठाया।

### आयुर्वेद स्टॉल का निरीक्षण और फीडबैक

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आरोग्य मेले में लगी विभिन्न आयुर्वेद स्टॉल्स का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रदर्शित जड़ी-बूटियों और दवाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने मेले में उपचार के लिए आए रोगियों से सीधा संवाद किया और उनसे मेले की व्यवस्थाओं व मिल रहे स्वास्थ्य लाभ को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया।

### आयुर्वेद है जीवन का आधार- डॉ. प्रेमचंद बैरवा

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने आयुर्वेद की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा आयुर्वेद हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग, प्राणायाम और आयुर्वेद की औषधियां न केवल हमारे स्वास्थ्य को मजबूत करती हैं, बल्कि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक हैं।

संभागीय आयुक्त ने किया ग्रामीण उत्थान शिविर का निरीक्षण

## ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें-संभागीय आयुक्त

बढ़ता राजस्थान




**कोटा,(का.स.)।** संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने पंचायत समिति सांगोद की ग्राम पंचायत देवलीमांझी में ग्रामीण उत्थान शिविर का निरीक्षण कर सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले हर ग्रामीण जन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें।

संभागीय आयुक्त ने सभी विभागों से शिविर की प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने पशुपालन विभाग को मंगला पशु बीमा योजना के प्रावधानों की स्पष्ट रूप से जानकारी, मत्स्य विभाग को मत्स्य सम्पदा योजना का प्रचार-प्रसार करने, डेयरी विभाग को अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले व्यक्तियों को जोडऩे के निर्देश दिये। कृषि अधिकारी को फार्म पोण्ड, पाइप लाईन, सॉयल हैल्थ कार्ड की प्रगति बढाने ओर फसल बीमा योजना का अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त ने पंचायतीराज विभाग को वीबी-जी राम-जी योजना व पेंशन के शत प्रतिशत सत्यापन, राजस्व विभाग को फार्मर रजिस्ट्री ओर विद्युत विभाग को सरकार द्वारा रूफ सोफ्ट सोलर लगाने की योजना का अधिक प्रचार-प्रसार करने करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने शिविर मे आए बालक शुभम सेन को पालनहार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## यात्री को 13 हजार रुपये मूल्य का खोया मोबाइल सुरक्षित लौटाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सहायता एवं विश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन अमानत के तहत रेल सुरक्षा बल, भरतपुर पोस्ट के अंतर्गत हिंडौन सिटी आउट पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान गश्त कर रहे आरक्षक धनवीर सिंह एवं आरक्षक सुनील कुमार को जनरल यात्री प्रतीक्षालय में बेंच पर रखा हुआ एक मोबाइल फोन मिला। उक्त मोबाइल को सुरक्षित रूप से कार्यालय में जमा कराया गया। मोबाइल पर कॉल आने पर प्राप्त जानकारी के अनुसार मोबाइल के स्वामी सोहिल, उम्र 24 वर्ष, निवासी हिंडौन सिटी, जिला करौली बताए गए। संबंधित यात्री अपनी पत्नी को स्टेशन से मथुरा भेजने के उद्देश्य से आया था, परंतु ट्रेन निकल जाने के कारण कुछ समय प्रतीक्षालय में बैठने के दौरान मोबाइल वहीं छूट गया था। बाद में जानकारी होने पर यात्री द्वारा मोबाइल पर संपर्क किया गया। इसके उपरांत यात्री स्वयं रेल सुरक्षा बल, हिंडौन सिटी आउट पोस्ट पर उपस्थित हुआ, जहाँ आवश्यक दस्तावेजी सत्यापन एवं गवाहों की उपस्थिति में लगभग 13,000 रुपये मूल्य का मोबाइल सुरक्षित रूप से उसके सुपुर्द किया गया।

## मिनी सचिवालय और कोर्ट परिसर स्थानांतरण की मांग तेज, डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला अभिभाषक परिषद् ने बूंदी के विकास और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ी पहल की है। परिषद् के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात कर बूंदी की ज्वलंत समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

### बस स्टैंड की जगह को बनाए मिनी सचिवालय

प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए दो मुख्य प्रस्ताव रखे मिनी सचिवालय का निर्माण- वर्तमान बस स्टैंड परिसर को मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किया जाए ताकि बिखरे हुए सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे आ सकें। कोर्ट परिसर का स्थानांतरण- सुगम आवागमन और बेहतर व्यवस्था के लिए कोर्ट परिसर को बस स्टैंड क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की । उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सरकार इन तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं का अध्ययन करवाकर उचित निर्णय लेगी। मुलाकात के बाद डिप्टी सीएम ने बूंदी कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण भी किया। साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को देखा। किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण हो और लंबित विकास कार्य शीघ्र पूरे किए जाए । ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ के साथ सचिव पंकज दाधीच, पुस्तकालय अध्यक्ष कृष्ण मुरारी दाधीच, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, और कार्यकारिणी सदस्य एजाज रिज़वी, हेमराज मीणा, अंकित शर्मा, कमल देव गौचर मौजूद रहे।

**सर्किट हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस**

# विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार-उप मुख्यमंत्री

### केन्द्रीय बजट 2026-27 अपार अवसरों का राजमार्ग है

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,(का.स.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को सर्किट हाउस, कोटा में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में केन्द्रीय बजट 2026-27 को युवा, महिला, किसान, वंचित और आम नागरिक का बजट बताया। उन्होंने कहा कि ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है, और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। यह बजट तीव्र आर्थिक विकास, लोगों की आंकाक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ-सबका विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से भारत देश दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2026-27 ऐतिहासिक है। महिला वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लगातार नवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करके नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा, नई गति मिलेगी। ये बजट ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस और ह्यूमन सेंट्रिक अर्थ-रचना के विजन को साकार करता है। ये एक ऐसा यूनीक बजट है. जिसमें, फिस्कल डेफिसिट कम करने, इंफ्लेशन कंट्रोल करने पर फोकस है और इसके साथ ही, बजट में हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ का भी समन्वय है। डॉ. बैरवा ने कहा कि ये बजट भारत की वैश्विक भूमिका को नए सिरे से सशक्त करता है। भारत के 140 करोड़ नागरिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये करोड़ों देशवासियों का संकल्प है। इस बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। इस बजट में नई उभरती इंडस्ट्रीज, यानी सनराइज सेक्टर्स को जिस मजबूती के साथ समर्थन दिया गया है, वो अभूतपूर्व है। बायोफार्मा शक्ति मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, रेयर अर्थ कॉरिडोर का निर्माण, क्रिटिकल मिनरल्स पर बल, टेक्सटाइल सेक्टर में नई स्कीम, हाई टेक टूल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा, चौंपियन एमएसएमई तैयार करना, ये फ्यूचरिस्टिक है और देश की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं का ध्यान रखती है। एमएसएमई को, हमारे लघु और कुटीर उद्योगों जो समर्थन इस बजट में मिला है, वह उन्हें लोकल से ग्लोबल बनने की नई ताकत देगा। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर देशभर में वाटरवेज का विस्तार हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास पर विशेष ध्यान और शहरों को मजबूत आर्थिक आधार देने के लिए म्युनिसिपल बॉन्ड्स को बढ़ावा, ये सारे कदम, विकसित भारत की यात्रा की गति को और तेज करेंगे।

डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि ये बजट एंबीशियस भी है और ये बजट देश की एस्पिरेशन को भी एड्रेस करता है। इस संवेदनशील बजट में गांव, गरीब किसान का कल्याण करने वाले कई प्रावधान हैं।

# आशान्वित जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2.0 की शुरुआत

## नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी सूचकांकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना उद्देश्य : जिला कलक्टर




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्घाटन कार्यक्रम सोमवार को नगर परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्देश्य विकास के छः संकेतकों के अंतर्गत संचालित गतिविधियों में पूर्णता प्राप्त करना है, इनमें से तीन संकेतकों में जिला पहले से शत प्रतिशत प्रगति हासिल कर चुका है। शेष लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हम सबको मिलकर के सम्मिलित रूप से संयुक्त प्रयास करना है। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हमारी जिम्मेदारी बनेगी कि इस कार्यक्रम के तहत सभी संकेतकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। इसलिए इस कार्यक्रम का नाम संपूर्णता कार्यक्रम है। जिला कलक्टर ने कहा कि इन सभी संकेतकों पर संपूर्णता हासिल करने के लिए आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका यौद्धा जैसी है। उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष अधिकारी से लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स अगले तीन माह अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करेंगे, मेहनत करेंगे, ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करेंगे। भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का यही उद्देश्य है कि देश में कोई भी जिला अथवा ब्लॉक पीछे न रहे और वो संपूर्णता को हासिल करे। अविकसित वर्गों के व्यक्तियों को विकास की धारा में जोड़ा जाए। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागृति लाई जाए। बच्चों को समय पर पूर्ण टीकाकरण किया जाए।

मुख्य आयोजना अधिकारी भारत राव ने कहा कि संपूर्णता का अभिप्राय ही यह है अंतिम पायदान में बैठा व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, राजीविका, शिक्षा विभाग ने दिए गए मानकों के आधार पर दिए गए लक्ष्यों एवं निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की गई। सांख्यिकी अधिकारी मनोज सिंघल ने बताया कि संपूर्णता अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम आशान्वित ब्लॉक बसेड़ी में भी आयोजित किया गया।

### नुक्कड़ नाटकों व अन्य कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति से दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री सिटी कोतवाली विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने राजकीय विद्यालयों में हो रहे नवाचार एवं गुणवत्ता उन्नयन के बारे में नुक्कड़ नाटक की सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुति दी गई। बाड़ा हैदरशाह विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी। इसी के साथ कक्षा 11 की छात्रा द्वारा देशभक्ति एवं शहीदों के ऊपर कविता का गायन किया। कक्षा तीसरी की छात्रा तसलीम ने अंग्रेजी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

## विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला बजट 2026-27-सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी और दूरदर्शी-ओमप्रकाश भडाणा




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाबंधुओं के साथ केंद्रीय बजट 2026-27 पर संवाद करते हुए कहा कि 1 फरवरी को प्रस्तुत बजट हर व्यक्ति के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है।

उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 इतिहास में उस बजट के रूप में याद किया जाएगा, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार 9वीं बार बजट प्रस्तुत किया जाना भारत के संसदीय इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण है।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संदेश है कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन हैं। बजट 2026 इसी नीयत का प्रमाण है, जहां हर योजना, हर निवेश और हर सुधार के केंद्र में महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को रखा गया है।

उन्होंने बताया कि यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्यम वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं में राहत, दवाओं पर सीमा शुल्क में कटौती, टीडीएस प्रक्रिया का सरलीकरण और विदेश यात्रा पर टीसीएस में कमी जैसे निर्णयों से सीधा लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार, स्किल इंडिया, डिजिटल स्किल्स, एआई, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण, एमएसएमई ग्रोथ फंड और सेवा क्षेत्र को वैश्विक नेतृत्व देने की दिशा में ठोस रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई देते हुए प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास, केयरगिवर्स और स्वास्थ्य पेशेवरों का प्रशिक्षण, लखपति दीदी योजना का विस्तार तथा महिला उद्यमियों के लिए एसएमई ग्रोथ फंड का प्रावधान किया गया है।

कृषि क्षेत्र में 'भारत-विस्तार' एआई टूल, उच्च मूल्य फसलों को प्रोत्साहन, राष्ट्रीय फाइबर योजना, पशुपालन, मत्स्य पालन और सहकारिता को मजबूती देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया गया है।

प्रेस वार्ता में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह, नीरजा शर्मा, कल्पना शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह सुखराम कोली, दुर्गसिंह अंदाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहें।

## झुंझुनूं से वृंदावन के लिए सीधी बस सेवा शुरू

### सालासर बालाजी खाटू श्याम जल महलों की नगरी, कृष्ण लीला स्थली गिरिराज जी मथुरा और वृंदावन तीर्थ स्थल जुड़ने से श्रद्धालुओं को आवागमन की मिलेगी सुविधा




बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** झुंझुनूं रोडवेज डिपो ने झुंझुनूं से सालासर ,खाटू श्याम होते हुए वृंदावन के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू की है।जिससे इस बस के माध्यम से कृष्ण लीला स्थली वृंदावन,मथुरा, गिरिराज जी गोवर्धन विश्व प्रसिद्ध जल महलों की नगरी डीग अलवर , खाटू श्याम और सालासर बालाजी आदि तीर्थस्थलों को जोड़ा गया है ।जिससे अब श्रद्धालुओं को दर्शन पूजा के लिए इन तीर्थस्थलों को आवागमन की सीधी सुविधा मिल सकेगी। यह नई बस सेवा झुंझुनू से वृंदावन के लिए 1 फरवरी से शुरू हो गई है। इस बस के डीग पहुंचने पर बस स्टैंड प्रभारी भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्रपाल सिंह एवं शहर वासियों द्वारा बस के चालक परिचालक का मिठाई खिलाकर ओर माला पहना कर स्वागत किया गया।

यह बस झुंझुनू से सुबह साढ़े 6 बजे चलकर लक्ष्मणगढ़ 8,00 बजे सालासर सवा 9 बजे,सीकर 11 बजे, खाटूश्यामजी सवा 12 बजे, शाहपुरा दोपहर ढाई बजे, अलवर साढ़े 4 बजे, डीग शाम साढ़े 6 बजे, गोवर्धन शाम 7 बजे, मथुरा शाम साढ़े 7 बजे और वृंदावन शाम 8 बजे पहुंचेगी। जबकि यह बस वृंदावन से प्रात: 6 बजे चलेगी जो मथुरा 6 बज कर 40 मिनट पर, गोवर्धन 7बजे,डीग साढ़े 7बजे, अलवर 10 बजे, खाटूश्यामजी दोपहर 3 बजे और झुंझुनू रात्रि साढ़े 8 बजे पहुंचेगी।

## धौलपुर में कांग्रेस का मनरेगा श्रमिकों के साथ धरना:भाजपा सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय धौलपुर में कांग्रेस ने विशाल धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों के साथ मिलकर केंद्र सरकार पर योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया गया। यह धरना-प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी और जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सूरजमुखी पैलेस में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के अध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार ने की। धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, जिला एससी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा सहित बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकार और सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने उद्योगपतियों के दबाव में इस योजना को कमजोर किया है, जो गरीब और मजदूर वर्ग पर सीधा हमला है।

## बजट आम जनता, महिलाओं, युवाओं और किसानों के साथ सीधा धोखा-रिक्की सिंह हंतरा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट आम जनता, महिलाओं, युवाओं और किसानों के साथ सीधा धोखा है। यह बजट नहीं बल्कि जनता की उम्मीदों पर करारा प्रहार है।



राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट महंगाई, बेरोज़गारी और महिला सुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर पूरी तरह मौन है। सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे सिर्फ आंकड़ों की बाज़ीगरी आती है, जनता की ज़िंदगी से कोई सरोकार नहीं है।उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर सिर्फ खोखले वादे किए गए हैं

न तो महिला सुरक्षा के लिए कोई ठोस योजना है न ही कामकाजी महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और बेटियों की शिक्षा के लिए कोई प्रभावी प्रावधान रिक्की सिंह हंतरा ने आगे कहा, एक तरफ सरकार बजट में बड़े-बड़े दावे करती है और दूसरी तरफ उसी दिन गैस सिलेंडर महंगा कर महिलाओं की कमर तोड़ देती है। यह बजट नहीं, महिला विरोधी और जनविरोधी दस्तावेज़ है।

यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं को निराश करने वाला बजट है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि वादों की थाली सजी, पर रोटी गायब है, महंगाई की आंच में हर रसोई बेहाल है।

कहते थे अच्छे दिन आएंगे घर-घर,आज सिलेंडर की कीमत ही सबसे बड़ा सवाल है। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस इस जनविरोधी बजट का पुरज़ोर विरोध करेगी और सड़कों से लेकर सदन तक महिलाओं की आवाज़ बुलंद करेगी। अंत में उन्होंने कहा,यह बजट जनकल्याण का नहीं, बल्कि चंद पूंजीपतियों और सत्ता संरक्षण का बजट है, जिसे जनता आने वाले समय में करारा जवाब देगी।

## 500 से अधिक ग्रामीणो को उद्यमी बना कर उनकी आय को बढ़ाने की क़वायद

### मंजरी फाउंडेशन और धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप का प्रयास

### प्रशिक्षण, हैंड होल्डिंग सपोर्ट, बाजार से जुड़ाव आदि शामिल





बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** ग्रामीण भारत में महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार की नई मिसाल पेश कर रहा है उद्धमिता विकास कार्यक्रम। मंजरी फाउंडेशन और धर्मपाल सत्यपाल फूड्स लिमिटेड के सहयोग से 2022-2023 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से प्रभाव डाल रहा है।

कार्यक्रम के तहत अब तक 540 से अधिक उद्यमी सफलतापूर्वक स्थापित हो चुके हैं, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं, युवा और छोटे किसान शामिल हैं। यह पहल वर्तमान में 17 ब्लॉकों और 120 से अधिक ग्रामों में संचालित हो रही है। प्रमुख कार्यक्षेत्रों में राजस्थान के डूंगरपुर, उदयपुर (कुरावड़, अलशीघर, झाड़ोल), करौली (मड़रायल); उत्तर प्रदेश के महोबा, बांदा; तथा मध्य प्रदेश के सिवनी, कटनी, नोगांव, राजनगर (खजुराहो), बैतूल (दबोना) और खंडवा (बरूर) शामिल हैं। लाभार्थियों को नियमित प्रशिक्षण, एक्सपोजर विजिट, बिजनेस प्लानिंग, वित्तीय प्रबंधन और मार्केट लिंकेज की सुविधा प्रदान की जाती है। आर्थिक सहायता के माध्यम से छोटे स्तर के विविध व्यवसाय स्थापित किए गए हैं, जिनमें आटा चक्की, चिक्की यूनिट, घी यूनिट, मसाला यूनिट, बेकरी, मिल्क कलेक्शन सेंटर, ब्यूटी पार्लर, सिलाई सेंटर, कॉस्मेटिक/क्लॉथ/किराना/स्टेशनरी स्टोर, सब्जी उत्पादन एवं थोक विक्रेता, रेडीमेड गारमेंट्स, अगरबत्ती यूनिट, वर्मी कम्पोस्ट, दोना-पत्तल यूनिट, मूंगफली ग्रेडिंग, राइस मिल, डेयरी फार्म, मशरूम उत्पादन, होटल/नाश्ता सेंटर,बायो रिसोर्स सेंटर आदि प्रमुख हैं।

मंजरी फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी हरिकांत शर्मा ने बताया कि इन उद्यमों से लाभार्थी अब मासिक 10,000 रुपये से 2.5 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। कई उद्यमी न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता, आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मंजरी फाउंडेशन और धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप का लक्ष्य है कि इस पहल को और विस्तार देकर हजारों ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया जाए, ताकि ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध बने।

## केन्द्रीय बजट विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज है इससे हर वर्ग की उन्नति का मार्ग प्रशस्त-जवाहर सिंह बेढ़म

### यह बजट सर्वव्यापी ,सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है जो रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफॉर्म की नीति पर आधारित है- डॉ शैलेश सिंह

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. ) ।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केन्द्रीय बजट 2026-27 पर विस्तृत चर्चा करने के लिए सोमवार को डीग के पंचायत समिति सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को धरातल पर उतारने वाला एक सशक्त दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य को संवारने वाला एक विजन डॉक्यूमेंट है जो गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की स्पष्ट दिशा दिखाता है। मंत्री ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने सभी वर्गों के चहुंमुखी विकास का खाका खींचा है।

बेढ़म ने अपने विभागों से जुड़े प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बजट में पशुपालन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि आज पशुपालन केवल सहायक गतिविधि नहीं रहा, बल्कि किसानों की कुल आय में इसका योगदान लगभग 16 प्रतिशत है। इस दिशा में एक दूरदर्शी कदम उठाते हुए सरकार ने पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना शुरू करने का प्रावधान किया है। साथ ही, 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों को एकीकृत कर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने का निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने राष्ट्रीय फाइबर योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे रेशम, ऊन और जूट जैसे क्षेत्रों में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।




स्वास्थ्य क्षेत्र पर चर्चा करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि सरकार ने कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं और 7 असाध्य रोगों की दवाओं पर सीमा शुल्क में भारी छूट दी है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ता इलाज मिल सकेगा। इस अवसर पर डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति पर आधारित है और सरकार अब सुधारों की चर्चा से आगे बढ़कर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह बजट सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर भी बल दिया गया है ताकि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाया जा सके।

## गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम ने किया 'सफर जिन्दगी' पुस्तक का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा एक निज होटल भरतपुर में पूर्व पुलिस अधीक्षक शिव कुमार यादव की अध्यक्षता में व डॉ. कुसुम शर्मा के सानिध्य में भरतपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. लोकेश शर्मा की 13वीं पुस्तक 'सफर जिन्दगी का' विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार जवाहर सिंह बेढम थे। विशिष्ट अतिथि जसवंत दारापुरिया, डॉ. शेखर शर्मा, डॉ. रेनु शर्मा, युवान शर्मा, डॉ. हरवर्षन दुवे, डॉ. ईशा शर्मा, शीला यादव, एडवोकेट कृष्ण कुमार शर्मा, मोनिका शर्मा, रविन्द्र मोहन शर्मा, मंथिका शर्मा, खेल अधिकारी निरंजन सिंह, एस.के. गुप्ता एडवोकेट जनरल राज0हाईकोर्ट जयपुर, आदित्यराज शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, ताराचंद शर्मा चिचाना थे।

इस कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम के संयोजक युवान शर्मा थे। माँ सरस्वती वंदना साहित्यकार प्रो0 अशोक गुप्ता ने की। 'सफर जिन्दगी' पुस्तक विमोचन गृहराज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम ने साहित्यकारों को अपनी बचपन की कवि सम्मेलनों की याद दिलाते हुए कहा कि आज डॉ. लोकेश शर्मा द्वारा 13वीं पुस्तक लिखी गई है जो भरतपुर के सबसे बडे साहित्यकारों में आते हैं एवं ऐसे साहित्यकार समाज को राह दिखाने का कार्य करते हैं। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का डॉ. लोकेश शर्मा व जसवंत दारापुरिया ने साफा बांधकर, चांदी का मुकट, पुष्पाहार पहनाकर, प्रतीक चिंह व श्रीफल देकर सम्मान किया।

इस कार्यक्रम में चक्रेश यादव, महेन्द्र कुमार शर्मा गादौली, मीनाक्षी यादव, रंजना तिवारी, दीपशिखा, योगेश शर्मा लाला, रामेश्वर दयाल, दयाचंद पचैरी, ववीता शर्मा, विनोद पाठक, अलका शर्मा, पुनीत शर्मा, नीलम शर्मा, सीमा शर्मा, अनुराधा शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जसवंत दारापुरिया ने किया व आभार व्यक्त डॉ. कुसुम शर्मा ने किया।

## दो बाइकों में भिड़ंत, एक परिवार के चार घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड पर बटेश्वर कला के गांव के पास दो बाइको में भिड़न्त का मामला सामने आया है। घटना में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी सहित दो बेटियां घायल हुई है। जिनको सूचना पर पहुची एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल भर्ती किया गया है। घायलों में से एक बेटी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। दूसरी बाइक पर सवार युवक मौके से गायब बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना



क्षेत्र के मूसलपुर गांव निवासी चंद्रभान अपनी पत्नी गुड्डी देवी और बेटी चंचल एवं रागिनी के साथ बाइक से बाड़ी किसी रिश्तेदारी में शादी के कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बसेड़ी रोड़ पर बटेश्वर कला गांव के पास पहुंचा। पीछे से आ रही अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी।

दुर्घटना में बाइक सवार चारो लोग सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से चारों घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चंद्रभान उसकी पत्नी गुड्डी देवी,बेटी चंचल और रागिनी को भर्ती कर उपचार दिया गया। रागिनी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। बाकी घायलों का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित

## विधायक कृपलानी ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई के लिए कहा

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कनेरा घाटा क्षेत्र में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण रबी एवं अफीम की फसलों को हुए नुकसान को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। किसानों की फसलों को हुए नुकसान की जानकारी मिलते ही विधायक कृपलानी ने जिला कलेक्टर आलोक रंजन एवं उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली से दूरभाष पर वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। विधायक कृपलानी ने प्रशासनिक अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने तथा बारिश व ओलावृष्टि से नुकसानग्रस्त फसलों की शीघ्र गिरदावरी करने को कहा, ताकि वास्तविक नुकसान का सही आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि कनेरा घाटा सहित आसपास के क्षेत्रों में किसानों की मेहनत पर प्राकृतिक आपदा का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे किसान वर्ग चिंतित और परेशान है। विधायक कृपलानी ने अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि गिरदावरी की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए, जिससे प्रभावित किसानों को राज्य सरकार की आपदा राहत योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अन्नदाता है और संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ा रहना प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। विधायक कृपलानी ने कहा कि वे स्वयं भी पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि फसल नुकसान की भरपाई हेतु आवश्यक मुआवजा दिलाने के लिए वे सरकार एवं प्रशासन के समक्ष मजबूती से किसानों की आवाज उठाएंगे।

# उप जिला चिकित्सालय कपासन पर आयोजित राष्ट्रीय बाल सुरक्षा निःशुल्क शिविर में 218 बच्चे हुवे लाभान्वित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राष्ट्रीय बाल सुरक्षा नि:शुल्क शिविर का सोमवार को उप जिला चिकित्सालय पर आयोजन किया गया।जिसमे 218 बच्चे लाभान्वित तथा 33 को उच्च स्वास्थ्य हेतु भेजा गया। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय बाल सुरक्षा नि:शुल्क शिविर का उप जिला चिकित्सालय कपासन पर आयोजन किया गया।जिसका भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।उक्त शिविर में कुल 218 बच्चे लाभान्वित हुवे।साथ ही 32 बच्चों को उच्च स्वास्थ्य लाभ के लिए भेजा गया। इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विकास बारेगामा,भगवतीलाल आचार्य, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नारायणलाल सुथार,युवा नेता मनोज आचार्य,छात्रनेता तरुण बारेगामा,रामप्रसाद आचार्य सहित मुख्य ब्लॉक चिकित्साधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा,डॉ. रजनीकांत नैनपुरिया,डॉ. शिवकुमार प्रजापत,डॉ. महेंद्र कुमार यादव,डॉ. एन.पी. सिंह,नर्सिंग ऑफिसर बलदेव सोमानी,जयंत जोशी,हेमंत जोशी,नेत्र सहायक मनीषा मीणा आदि उपस्थित रहे।

# लोहार समाज ने श्री विश्वकर्मा जयंती को मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम में धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली में मेवाड़ लौहार सेवा संस्थान चौखला,समस्त पारवाडिय़ा शनि महाराज आली चौखला एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान मे श्री शनि महाराज आली स्थित समाज के सामुदायिक भवन में हर्षोल्लास के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया। मेवाड़ लोहार समाज के संरक्षक भावनीशंकर लोहार (कपासन) ने बताया कि न्याय के देवता श्री शनि महाराज आली में मेवाड़ लौहार समाज चारों चौखला के सामुदायिक भवन में श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव 2026 के तहत प्रथम दिवस रविवार को भव्य भजन संध्या एवं मेवाड़ के प्रसिद्ध बगडावत कार्यक्रम का मंचन दिनेश खारोल एंड पार्टी द्वारा किया गया।द्वितीय दिवस सोमवार को हवन-शांति एवं कलश के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें लोहार समाज के सैकड़ो महिलाओं, पुरुषों एवं युवा वर्ग द्वारा भाग लिया गया।शोभायात्रा उपरांत लोहार समाज की आमसभा का आयोजन किया गया।जिसमें समाज की प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस दौरान मेवाड़ लोहार सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजमल लोहार पारी,युवा संगठन अध्यक्ष नारायणलाल सिंहपुर,महामंत्री मूलचंद लोहार कपासन,रमेशचंद्र लोहार उमंड,सचिव बालूराम लोहार, कोषाध्यक्ष हीरालाल रामथली,सहकोषाध्यक्ष सोहनलाल हथियाना,मंत्री बंशीलाल लोहार भूपालसागर,सचिव श्यामलाल लोहार रामथली आदि समाजजन सहयोग के साथ उपस्थित रहे।

# सिंधु स्वास्थ्य सेवा समिति का निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(नि.स.)।** सिंधु स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा जय भगवान एक्यूप्रेशर संस्थान मुंबई के तत्वाधान में आज सोमवार से 5 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर शास्त्री नगर स्थित सालासर बालाजी मंदिर के प्रांगण में प्रारंभ हुआ। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश गुलाबानी ने बताया कि मुंबई से गुरुजी नवनीत भाई शाह के सानिध्य में 5 जनों की टीम रश्मिका बेन शाह, जयश्री पटेल, दीक्षित भाई परवेज, जुगल किशोर, स्थानीय थेरेपिस्टों के साथ 6 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह साइटिका, जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, गठिया आदि असाध्य रोगों का नि:शुल्क उपचार करेंगे।

# आशान्वित ब्लॉक कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**कोटड़ी (नि.स.)।** आशान्वित ब्लॉक कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा में सोमवार को सम्पूर्णता अभियान 2.0 का विधिवत शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी महोदया सुश्री तानिया रिणवा द्वारा किया गया। यह अभियान दिनांक 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित 6 प्रमुख संकेतांकों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ संतृप्त (सैचुरेट) करना है। कार्यक्रम का संचालन विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रामविलास मीणा ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं को अभियान की संपूर्ण रूपरेखा, लक्ष्य एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता करण सिंह बेलवा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सम्पूर्णता अभियान 1.0 के दौरान प्राप्त अनुभव साझा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।मुख्य आयोजना अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद जी गुप्ता ने आगामी महत्वपूर्ण दिवसों के बारे में जानकारी दी तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित संकेतांकों की वर्तमान प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। बाल विकास अधिकारी श्री शंकरलाल जी बैरवा ने अपने विभाग से जुड़े 4 संकेतांकों की स्थिति बताते हुए उन्हें शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना साझा की। शिक्षा विभाग से अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री सुभाष जी ने विद्यालयों में बालिका शौचालयों की उपलब्धता की जानकारी दी तथा यू-डाईस पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा अपडेट सुनिश्चित करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की। पशुपालन अधिकारी डॉ. दिलीप जी पांचाल ने पशुओं के स्नरूष्ठ टीकाकरण की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए जन-जागरूकता बढ़ाने एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आशान्वित ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर श्री गौरव जी पारीक द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्पूर्णता की शपथ दिलवाई गई। अंत में उपखण्ड अधिकारी महोदया द्वारा मंच से हरी झंडी दिखाकर अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया गया तथा सभी को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने सेल्फी पॉइंट पर सामूहिक सेल्फी लेकर अभियान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

### नगर की विभिन्न बस्तियों में हिंदू सम्मेलन संपन्न

# संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन, एक संगत - एक पंगत का दिया गया संदेश




बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर की विभिन्न बस्तियों में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में वक्ताओं ने पंच परिवर्तन विषय के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर समाज के समक्ष अपने विचार रखे। प्रत्येक बस्ती में सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिनका नगर के प्रमुख मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी कार्यक्रमों में संतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। अटल बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में संत श्री योगी राघवनाथ महाराज का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूरणमल लौहार, जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय), चित्तौडग़ढ़ रहे। श्रीराम बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में संत महामंडलेश्वर स्वामी वेदानंद गिरी महाराज वृंदावन का सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता महेश पुरोहित, जिला कार्यवाह निंबाहेड़ा रहे। इस अवसर पर मातृशक्ति की ओर से सरला गुप्ता मंचासीन रहीं। प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में संत महंतश्री ओमकारदास महाराज का आशीर्वचन हुआ। मुख्य वक्ता भूरालाल तेली, प्रांत सामाजिक सद्भावना एवं ग्रामीण कार्य प्रमुख रहे।

# ब्यावर को मिली नई चमक, 'कायरा फाइन सिल्वर ज्वेलरी' शोरूम का हुआ भव्य शुभारंभ

### सेलिब्रिटी एक्ट्रेस ऋद्धि कुमार की मौजूदगी ने बनाया आयोजन यादगार, ज्वेलरी प्रेमियों में दिखा खास उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के व्यावसायिक क्षेत्र में सोमवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। रिषभ ट्रेड सेंटर, जय मंदिर सिनेमा के सामने स्थित 'कायरा फाइन सिल्वर ज्वेलरी' शोरूम का भव्य शुभारंभ सोमवार सुबह 10 बजे हर्षोल्लास के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह की खास बात यह रही कि इसमें सेलिब्रिटी एक्ट्रेस ऋद्धि कुमार की विशेष उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी आकर्षक एवं यादगार बन गया आधुनिक डिज़ाइन, उत्कृष्ट शुद्धता और आकर्षक कलेक्शन के लिए पहचाने जाने वाले इस शोरूम का शुभारंभ ललित कुमार, विनय कुमार एवं संदीप कुमार कावडिया द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर सिल्वर ज्वेलरी के नवीनतम और ट्रेंडी डिज़ाइनों ने उपस्थित अतिथियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। उद्घाटन समारोह को लेकर शहरभर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ज्वेलरी प्रेमी एवं शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ कार्यक्रम में मौजूद रहीं और शोरूम के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। 'कायरा फाइन सिल्वर ज्वेलरी' शोरूम के शुभारंभ से ब्यावर के व्यापारिक परिदृश्य को नई पहचान और चमक मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# श्रीमती केसर बाई सोनी की 36वीं पुण्यतिथि पर सेवा और समर्पण का संदेश, 164 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(नि.स.)।** करुणा, त्याग और मानवता की मिसाल रहीं केसर बाई सोनी की 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 2 फरवरी को केसर बाई सोनी हॉस्पिटल परिसर श्रद्धा, स्मृति और सेवा भाव से सराबोर रहा। इस अवसर पर संगम ग्रुप के संस्थापक रामपाल सोनी सहित परिवारजनों व गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनुराग सोनी, डॉ. श्रीनिवास मोदानी, विनोद सोडाणी, प्रणल मोदानी, राधा देवी सोनी, ममता मोदानी, अर्चना सोडाणी, कृपी सोनी, पलक मोदानी तथा मिहिका सोडाणी सहित परिजनों ने स्व. केसर बाई सोनी के सेवा-संस्कारों को स्मरण किया। पुण्यतिथि पर मानव सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के सीईओ श्याम बिड़ला ने बताया कि बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्यात्मा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगम ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन ने जानकारी दी कि इस सेवा शिविर में कुल 164 यूनिट रक्तदान हुआ।

# पीएमश्री राजकीय विद्यालय तस्वारिया (कपासन) में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तस्वारिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे बालक-बालिकाओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गयी। राजकीय विद्यालय तस्वारिया के संस्था प्रधान सीपी सिरोया ने बताया कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिक्षाविद पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंभूलाल भट्ट, ग्राम पंचायत बामनिया सरपंच पुष्पा भट्ट,पूर्व डायरेक्टर भूमि विकास बैंक देवीलाल,भाजपा कार्यकर्ता कैलाश चंद्र,भेरूलाल सुथार आदि गणमान्यजन अतिथि रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रतिभागी रहे बालक-बालिकाओ में पारितोषित वितरित किये गये।इस दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय की 5 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष मांग को सांसद एवं विधायक मद से शीघ्र स्वीकृत कराने की घोषणा के साथ खेल मैदान पर तारबंदी ग्राम पंचायत से स्वीकृत किया जायेगा।जिस पर उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। राज्य स्तर पर इंस्पायर्ड अवार्ड चयनित ममता गाडरी को मोमंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही सांस्कृतिक प्रभारी पुष्पा बुनकर एवं श्यामलाल गौड़ को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बीएलए उदयलाल सेन,गहरीलाल जाट,एसएमसी अध्यक्ष मोहनलाल गाडरी,किशनलाल सेन,वार्ड पंच राजकुमार गाडरी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 'विकास, गरीब-किसान और रोजगार को समर्पित है केंद्रीय बजट'

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा,(नि.स.)।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में बजट की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास, आर्थिक सुदृढ़ता और आमजन के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। मंत्री रावत ने कहा कि केंद्रीय बजट में गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को केंद्र में रखा गया है। बजट के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण-शहरी विकास को नई गति मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, ऊर्जा और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने बताया कि यह बजट राज्यों के साथ समन्वय को सुदृढ़ करेगा तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को साकार करता है। प्रेस वार्ता में टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा को बजट से मिलने वाले विशेष लाभों, ईआरसीपी परियोजना, माही एवं जाखम नदी से मेजा बांध में पानी लाने की संभावनाओं सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मंत्री ने सहजता से उत्तर दिए। प्रेस वार्ता से पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर मंत्री रावत को पुलिस दल द्वारा सलामी दी गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 50 से अधिक संगठनों की एकजुटता, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, सरकार को निर्णायक आंदोलन की चेतावनी

# 'शिक्षा में भेदभाव नहीं चलेगा' यूजीसी विनियम 2026 के खिलाफ ब्यावर में सवर्ण समाज की हुंकार

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** यूजीसी विनियम 2026 के विरोध में आज ब्यावर में सवर्ण समाज का ऐतिहासिक, जागरणकारी और सशक्त प्रदर्शन देखने को मिला। सवर्ण समाज प्रतिनिधि सभा के आह्वान पर सैकड़ों समाजजनों एवं सवर्ण समाज के 50 से अधिक संगठनों ने एकजुट होकर जिलाधीश महोदय को माननीय राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंपा और इस विभाजनकारी व असमानता थोपने वाले विनियम को तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि त्रष्ट विनियम 2026 शिक्षा में समानता के सिद्धांत पर सीधा प्रहार है। यह विनियम समाज को वर्गों में बाँटने, वैमनस्य फैलाने तथा शैक्षणिक संस्थानों में असंतोष उत्पन्न करने वाला है, जिसे जागरूक समाज किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा।

### सवर्ण समाज ने एक स्वर में उद्घोष किया

'शिक्षा अधिकार है, दया नहीं' और शिक्षा में किसी भी प्रकार का भेदभाव संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। प्रतिनिधियों ने कहा कि राष्ट्र की मजबूती समरस समाज से आती है, न कि ऐसे कानूनों से जो समाज को बाँटने का कार्य करें प्रदर्शनकारियों ने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते यूजीसी विनियम 2026 को वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन और अधिक तीव्र, व्यापक एवं निर्णायक रूप लेगा। यह जन-आंदोलन केवल सवर्ण समाज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समान शिक्षा और समान अधिकारों में विश्वास रखने वाला सर्व समाज इससे जुड़ेगा इस शांतिपूर्ण लेकिन सशक्त जन-जागरण में ब्राह्मण, वैश्य, राजपूत, कायस्थ, सिंधी समाज सहित सवर्ण समाज के सभी प्रमुख घटकों की प्रभावी भागीदारी रही। कार्यक्रम अनुशासित रहा, पर समाज का संकल्प, आक्रोश और संदेश पूरी तरह स्पष्ट दिखाई दियाअंत में सवर्ण समाज प्रतिनिधि सभा ने कहा देश को बाँटने वाले कानून नहीं, देश को जोडऩे वाली नीतियाँ चाहिए समान शिक्षा, समान अवसर और समान कानून यही राष्ट्रहित का मार्ग है।

ममता काली शॉल ओढ़कर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलीं

# ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा : ममता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ममता ने अपने मुद्दे सीईसी को बताए लेकिन उनका जवाब सुने बिना ही नाराज होकर चली गईं।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। वह इस तरह से बात करते हैं जैसे वह जमींदार हों और हम नौकर। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें शर्मिंदा किया। हमने कहा आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बॉयकाट कर दिया। बाद में ममता ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दलाल की तरह काम कर रहा है। इसके पहले सुबह ममता ने दिल्ली पहुंचते ही कहा कि वे एसआईआर के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी।

### सीईसी बोले- कानून हाथ में लेने वालों पर कार्रवाई होगी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे मिलने पहुंचे टीएमसी नेताओं से कहा कि जो भी कानून अपने हाथ में लेगा, उसके खिलाफ कानून और चुनाव आयोग को मिली शक्तियों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बंग भवन के बाहर दिल्ली पुलिस की तैनाती

इस बीच, हेली रोड और चाणक्यपुरी स्थित दोनों बंग भवनों के बाहर दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती की गई है। ममता ने आरोप लगाया कि बंगा भवन में ठहरे बंगाल के लोगों को धमकाया जा रहा है। वहां भारी संख्या में पुलिस डराने के लिए तैनात की गई है। ममता ने कहा हमारा मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

निवर्तमान सरपंच (प्रशासक) प्रदेश अधिवेशन

# वीबी जी राम जी से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाएं होंगी मजबूत : भजनलाल शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरपंच गांवों की लोकतांत्रिक शक्ति के प्रतीक हैं। वे विकास की धुरी हैं, जिनके समर्पण भाव से किए गए कार्यों से ग्रामीण परिवारों के जीवन में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि सरकारें नीतियां और योजनाएं बनाती हैं लेकिन उन्हें ग्राम स्तर तक क्रियान्वित करने का सशक्त माध्यम सरपंच ही होते हैं। श्री शर्मा सोमवार को कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में सरपंच संघ द्वारा आयोजित निवर्तमान सरपंच (प्रशासक) प्रदेश अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को ग्रामीण परिवेश में सरपंच धरातल पर उतारते हैं। सरपंच के दायित्व में जन अपेक्षाओं की पूर्ति और समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण कार्य होता है, जिसे वे पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण भाव से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया वीबी जी राम जी कानून ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसके माध्यम से मनरेगा की अनियमितताओं को दूर किया गया है। इसके अंतर्गत स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण हो सकेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी। कानून में रोजगार की गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय बजट में वीबी जी राम जी योजना में 95 हजार 692 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।

### 8 करोड़ जनता का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की 8 करोड़ जनता के कल्याण और सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास का रोडमैप बनाया है। पानी जैसी बुनियादी सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रामजल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, आईजीएनपी, गंगनहर, माही सहित परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आज 22 जिलों में दिन में बिजली दी जा रही है, जो 2027 तक पूरे जिलों में कर दी जाएगी। इसके साथ ही सोलर, बैट्री एवं पंप स्टोरेज परियोजनाओं में प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

### 1 लाख युवाओं को मिली नौकरी, पेपरलीक मुक्त बना राजस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर भी चुके हैं। राजस्थान निवेश के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को सरकारी सेवा में निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। अब तक 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 44 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 1 लाख पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया है। गत दो साल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ तथा सभी परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई हैं। राजस्थान पेपरलीक से मुक्त हो गया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नवीन युवा नीति के आकर्षक प्रावधानों का लाभ उठाएं और रोजगार प्रदाता बनें।

### 3 हजार 467 नई ग्राम पंचायतों का हुआ गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतीराज को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही हैं। इसी क्रम में 8 नई जिला परिषदों का गठन किया गया है। इसी प्रकार 94 नई पंचायत समितियां एवं 3 हजार 467 नई ग्राम पंचायतें भी बनाई गई हैं। वहीं, पंचायत के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में वर्ष 2024-25 में 10 प्रतिशत और वर्ष 2025-26 में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि 475 ग्राम पंचायत भवनों एवं 117 अंबेडकर भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण किया है।

## युद्ध अचानक दरवाजे पर आया तो ताकत ही हमें बचायेगी, सिर्फ 2 प्रतिशत के रक्षा बजट से काम नहीं चलेगा: जीडी बक्सी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 7,84,678 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो पिछले वर्ष के आवंटन 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। मोदी सरकार का ध्यान खासकर चीन और पाकिस्तान से बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर सेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने पर है। लेकिन रक्षा क्षेत्र में किये गये बजटीय प्रावधान को लेकर पूर्व मेजर जनरल जीडी बख्शी ने जिस तेवर में अपनी बात रखी है उसने बहस को नई धार दे दी है। उन्होंने साफ कहा कि 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी स्वागत योग्य है, पर युद्ध इंतजार नहीं करता। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि संघर्ष अचानक दरवाजे पर आ सकता है और ताकत ही रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद के 1.9 प्रतिशत के आसपास अटका रहा है, जबकि कई यूरोपीय देश तीन प्रतिशत तक और रूस करीब पांच प्रतिशत तक खर्च कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत को कम से कम ढाई से तीन प्रतिशत तक तुरंत पहुंचना ही होगा, क्योंकि देश साढ़े तीन मोर्चों की चुनौती झेल रहा है। जीडी बख्शी ने कहा कि युद्ध अचानक आ सकता है।

केवल ताकत ही हमें बचा सकती है। गांधीवादी दृष्टिकोण को तत्काल छोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और बांग्लादेश में मिलने वाले क्षणिक अवसरों का लाभ उठाने की स्थिति में होना चाहिए।

# पीएम मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छुए पंजाब के कपड़े यूरोप में बिकेंगे : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविदासिया समाज के जालंधर स्थित सबसे बड़े धार्मिक स्थल डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने संत निरंजन दास के पैर छूकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा- मेरा रिश्ता संत रविदास जी की जन्मभूमि काशी से है। मैं पंजाब दी धरती नूं नमन करदा हां (मैं पंजाब की धरती को नमन करता हूं)। पीएम ने पेश हुए बजट में पंजाब को मिले लाभ का जिक्र किया। साथ ही यूरोपीय यूनियन के साथ हुई ट्रेड डील का जिक्र करते हुए कहा कि अब पंजाब में बने कपड़े और सामान यूरोप के बाजारों में बिकेगा।

पीएम मोदी ने 33 मिनट कार्यक्रम को संबोधित किया। इसमें रविदास की वाणी से 3 श्लोक पढ़े। काशी (वाराणसी), मध्यप्रदेश और पंजाब में संत रविदास की सेवा करने की बात दोहराई। रविदासिया समाज के साथ वाल्मीकि समाज को भी साधा। वाल्मीकि समाज को साधने के लिए अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करने की बात बताई। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेरे के प्रबंधक ने कहा कि हम पीएम के आने से बहुत खुश हैं। डेरे के इतिहास में पहली बार कोई प्रधानमंत्री हमारे बीच आया। इससे पहले पीएम दिल्ली से आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने पहले आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरू रविदास महाराज जी एयरपोर्ट, आदमपुर रखने का उद्घाटन किया। इसके बाद लुधियाना के हलवारा स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया।



### केंद्रीय बजट पर पंजाब के फायदे गिनाए...

**बजट का फोकस जालंधर, लुधियाना जैसे शहरों के विकास पर:** हमने आज ही बजट पेश किया। हमारी सरकार ने सड़क, पुल, बिजली, पानी, गरीबों को घर, सिंचाई के क्षेत्रों में निवेश किया है। इस बजट में इन क्षेत्रों में पहले से अधिक 17 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। इससे आप सबको फायदा होगा, आपको अवसर मिलेंगे। इस बजट का फोकस लुधियाना, जालंधर, होशियारपुर जैसे शहरों के विकास पर है। इसी तरह अन्य शहर भी शामिल हैं।

**पंजाब को बजट का बड़ा फायदा:** पंजाब देश के उन चुनिंदा राज्यों में से है, जहां एमएसएमई का कल्चर है। इसलिए, इस बजट में पंजाब को ध्यान में रख एमएसएमई के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। बजट का फोकस एरिया खेल भी है। पंजाब तो इसमें पहले से बहुत आगे है। इसलिए, इस बजट में खेलो इंडिया का बड़ा फायदा पंजाब को होने वाला है। यहां से कोच निकलेंगे, प्लेयर निकलेंगे।

**पंजाब के लोगों के लिए 27 देशों का बाजार खोला:** अभी हमारी यूरोपियन यूनियन से ट्रेड डील हुई है। इसे मदर ऑफ ऑल डील कहा जा रहा है। अब 27 देशों से साथ हमारा व्यापार खूब फलेगा। हमारे पंजाब की पहचान तो यहां के किसान से है। इससे पंजाब को बहुत फायदा होने वाला है।

**मेरा रिश्ता संत रविदास की जन्मभूमि से :** आप सभी जानते हैं कि मेरा रिश्ता उस काशी से है, जो संत रविदास की जन्मभूमि है। काशी ने मुझे सेवा का मौका दिया। काशी के उन घाटों को मैंने छुआ है, जहां गुरु रविदास ने शिक्षा ली। यहीं से संत रविदास ने कहा था- मन चंगा तां कठौती च गंगा।

**हमारी सरकार ने संत निरंजन दास को सम्मानित किया:** संत श्री पीपल दास जी, संत श्री श्रवण दास जी के चलते गुरु रविदास के विचार जन-जन तक पहुंचे। मैं उन सब गुरुओं को भी प्रणाम करता हूं। समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़े कार्य डेरा करता है। समजासेवा के कई काम संत निरंजन दास की अगुआई में आगे बढ़ रहे हैं। इसी को देखते हुए उन्हें हमारी सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया है।

**संत रविदास ने कठिन समय में जन्म लिया:** संतों ने हमेशा समानता की बात की है। इसी भावना को लेकर अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम भी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। संत रविदास के जन्म को 6 सदियां बीत गईं। तबसे अब तक भारत ने कितने हमले झेले। कठिन समय में काशी में संत रविदास का जन्म हुआ। उन्होंने समाज को झकझोरा। हमें सिखाया...एकौ माटी के सब भांडे (सब एक ही मिट्टी के बने हैं)।

## सीएम बोले-1.44 लाख नौकरियां मिलेंगी, 21000 को पीएम देंगे लेटर

### सरपंचों से कहा- गुड़ न दे सको गुड़ की बात तो करो, सभी से अच्छे से बर्ताव करें

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में 1.44 लाख सरकारी नौकरियां देने का प्रोसेस चल रहा है। एक लाख भर्तियों का कैलेंडर निकाला है। पीएम मोदी का जल्द ही प्रोग्राम बन रहा है, इस कार्यक्रम में 21 हजार युवाओं को प्रधानमंत्री अपॉइंटमेंट लेटर देंगे। कांग्रेस राज में हर परीक्षा का पेपर लीक होता था। पिछले दो साल से एक भी परीक्षा का पेपरलीक हुआ क्या सीएम भजनलाल शर्मा सरंपच संघ के कार्यक्रम में बोल रहे थे। सीएम ने सरंपचों से कहा- आप संवेदनाओं के साथ काम करें। व्यक्ति तीन ही कारण से किसी के पास जाता है। पहला भाव से, दूसरा अभाव से और तीसरा प्रभाव से। आपके पास जो भी आता है, जरूरी नहीं कि सब काम हों। लेकिन उसे सुनें, उसके साथ अच्छे से बर्ताव करें। वो गांव में कहते हैं न कि गुड़ न दें तो गुड़ जैसी बात तो करें। एक सेवक की तकलीफ एक सेवक ही समझ सकता है।

सीएम ने कहा- मैं 2000 से 2005 तक सरंपच था। जब सांगानेर से चुनाव लड़ा तो गांव से चलकर बस में बैठकर लोग यहां तक आए। जितना उनकी हैसियत में था, उतनी मदद लेकर आए। मैंने उनसे कहा था कि मेरे लिए आपका यह आशीर्वाद ही काफी है।

# पीएम मोदी से मिले हरियाणा के सीएम सैनी, विकास एजेंडे पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट की तस्वीरें प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गईं।

### विकास कार्यों और भविष्य की प्राथमिकताओं पर संवाद

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, भविष्य की प्राथमिकताओं और कई समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर, सशक्त और समावेशी विकास की दिशा में देश को आगे बढ़ाने



वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत 'विकसित भारत बजट' अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करता है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# कर्नल राठौड़ बोले- बजट विकसित भारत का विजन

## कहा- भावी पीढ़ी के लिए विकास का ब्लू प्रिंट, कमियां दूर करना हमारी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केन्द्रीय बजट को विकास का ब्लू प्रिंट बताते हुए कहा- केन्द्र सरकार ने 'विकसित भारत' बनाने के लिए इस बजट में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर बल दिया है। इसके लिए 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री सोमवार शाम को कलक्ट्रेट सभागार में बजट को लेकर आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में पत्रकारों को केन्द्रीय बजट की जानकारी दी।

### विकास विजन को साकार करेगा बजट

उन्होंने कहा कि पहली बार 'कर्तव्य भवन' से बना यह बजट तीन प्रमुख कर्तव्यों पर जोर देता है। पहला कर्तव्य आर्थिक वृद्धि को तेज करना व बनाए रखना, दूसरा कर्तव्य लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमता का निर्माण करना तथा तीसरा कर्तव्य 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को साकार करना है। उन्होंने कहा कि इन्हीं कर्तव्यों के अनुरूप यह बजट हर नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नीव रखने वाला है, जो गरीब,



किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने भावी पीढ़ियों के विकास के विजन के साथ यह बजट प्रस्तुत किया है, जो 2047 में 'विकसित भारत' बनाने का रोड मेप देता है।

### हर जिले में एक-एक गर्ल्स हॉस्टल खुलेंगे

मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बजट में तकनीक और आधारभूत विकास पर विशेष जोर दिया है। सेमी कंडक्टर और माइक्रो चिप के उत्पादन की पूरी सप्लाई चेन विकसित करने के लिए बजट में खास प्रावधान किए गए हैं। 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। यूनिवर्सिटी टाउन, हर जिले में एक-एक गर्ल्स हॉस्टल खोलने व दिव्यांगजन के लिए टेक्नोलॉजी इनेबल सपोर्ट सिस्टम बनाया जाएगा।

### किसानों के लिए भी की घोषणाएं

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है, जिससे किसान को खेती से जुड़े प्रश्न करने पर तुरंत जवाब मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि मछली पालन एवं पशुपालन के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना की घोषणा की गई है। साथ ही, किसान उत्पाद संगठन की तर्ज पर पशुपालकों के लिए भी उत्पाद संगठन बनाए जाएंगे।

महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग एवं फाइनेंसिंग के लिए सी-मार्ट बनाने की घोषणा की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने में मदद करेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।